आषाढ़ मास, कृष्ण पक्ष 3, वर्ष 12, अंक 116, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

वाराणसी, मंगलवार, 6 जून, 2023



परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

अन्दर : न्याय के लिए संघर्ष में पहलवानों के कर्तव्य


अन्दर : अभ्यास के दौरान चोटिल हुए ईशान



# माफिया मुख्तार को उम्रकैद

## 32 साल पुराने अवधेश राय हत्याकांड में आया फैसला

**सजा**



स्व. अवधेश राय

- कांग्रेस के पूर्व विधायक अजय राय के भाई अवधेश राय को वर्ष 1991 में दिनदहाड़े गोली मारी गई थी
- मुख्तार वर्तमान में बांदा जेल में है बंद, सुनवाई के दौरान वर्चुअली पेशी
- धारा-302 के तहत दोषी करार दिया गया



**वाराणसी।** वर्ष 1991 में दिन दहाड़े हुई अवधेश राय हत्या के मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट ने सोमवार को माफिया मुख्तार अंसारी को उम्रकैद की सजा सुनाई। कोर्ट ने सजा सुनाते हुए मुख्तार पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। मुख्तार अभी बांदा जेल में बंद है। सुनवाई के दौरान उसको वर्चुअली पेश किया गया। वादी पक्ष के वकील ने बताया कि कोर्ट ने मुख्तार को धारा-302 के तहत दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। वाराणसी के चर्चित अवधेश राय हत्याकांड के फैसले को लेकर कचहरी परिसर में सोमवार को आम दिनों के मुकाबले कहीं ज्यादा गहमागहमी थी। सुरक्षा के भी व्यापक इंतजाम किये गये थे। कचहरी आने जाने-वाले लोगों पर सुरक्षाकर्मी सहित एलआईयू के लोग भी नजरे गड़ाये थे। एमपी-एमएलए कोर्ट के फैसले के बाद मुख्तार के वकील अखिलेश उपाध्याय ने कहा, इस फैसले में कई कमियां हैं, इसके खिलाफ हाईकोर्ट जाएंगे। वहीं अभियोजन के वकील अनुज यादव ने कहा फांसी की सजा की उम्मीद थी, लेकिन हम फैसले से संतुष्ट हैं। अगर मुख्तार पक्ष हाईकोर्ट जाएगा तो हम वहां भी इसी दम-खम के साथ केस लड़ेंगे।

### सब्र का फल मिला : अजय राय

मुख्तार को उम्रकैद की सजा सुनने के बाद पूर्व विधायक अजय राय ने कहा कि यह हमारे व हमारे परिवार के सब्र का नतीजा था, इतनी सरकारें आयीं और गयीं, लेकिन हम लोगों ने सब्र रखा, लेकिन मुख्तार के आगे झुके नहीं। मुख्तार ने खुद को मजबूत किया लेकिन हम लोगों ने हार नहीं मानी। आखिरकार इंतजार खत्म हुआ और सच्चाई की जीत हुई है। 32 साल की लड़ाई थी जो हम सभी ने एक साथ लड़कर पूरी की। न्यायापालिका के हम सभी शुक्रगुजार हैं, इस दौरान तमाम धमकियां मिलीं लेकिन हमने हौसला नहीं छोड़ा। किसी भी मामले में सजा मिलने का इंतजार करना आसान नहीं होता। बहुत ही मानसिक व्यथा का सामना करना पड़ता है।

## बालासोर रेल हादसे में एफआईआर दर्ज

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के बालासोर में हुए रेल हादसे के मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। एफआईआर विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज की है। पुलिस ने रेलवे एक्ट के तहत भी मामला दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक, दुर्घटना में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ रेलवे अधिनियम की धारा 153, 154 और 175 के तहत कटक में सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) द्वारा प्राथमिकी दर्ज की गई। बालासोर जीआरपीएस के एसआई पापु कुमार नाइक की शिकायत के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई।

## ओडिशा में एक और ट्रेन हादसा

**नई दिल्ली।** ओडिशा के बालासोर में हुए रेल हादसे में 275 लोगों की मौत के सदमे से लोग अभी उबरे भी नहीं हैं कि ओडिशा में एक और रेल हादसे की खबर है। दरअसल ओडिशा के बारगढ़ जिले में एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई है। हालांकि पूर्वी तटीय रेलवे ने बयान जारी कर कहा है कि एक निजी सीमेंट फैक्ट्री द्वारा संचालित किए जा रहे मालगाड़ी के वैगन पटरी से उतरे हैं। यह हादसा फैक्ट्री परिसर के भीतर हुआ है। इस घटना में रेलवे की कोई भूमिका नहीं है।

# पदकों को 15-15 रुपये का बताने वाले अब हमारी नौकरी के पीछे पड़े

**आरोप-प्रत्यारोप जारी**

- बजरंग पूनिया ने ट्वीट कर लगाया बड़ा आरोप
- कहा-आंदोलन जारी रहेगा



**नई दिल्ली।** पहलवानों ने भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के खिलाफ आंदोलन खत्म होने की खबरों का खंडन किया। दरअसल, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह बात सामने आई थी कि साक्षी मलिक, बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट ने धरना वापस ले लिया है। वे रेलवे में अपनी नौकरी पर वापस लौट गए हैं। इसके बाद साक्षी और बजरंग ने ट्वीट कर इन खबरों का खंडन किया और इसे अफवाह बताया। अब इस मामले पर बजरंग ने एक और ट्वीट किया है।

इस ट्वीट के जरिये उन्होंने आंदोलन के खिलाफ बोलने वालों पर निशाना साधा है। बजरंग ने लिखा, "हमारे मेडलों को 15-15 रुपए के बताने वाले अब हमारी नौकरी के पीछे पड़ गए हैं। हमारी जिंदगी दांव पर लगी हुई है, उसके आगे नौकरी तो बहुत छोटी चीज है। अगर नौकरी इंसाफ के रास्ते में बाधा बनती दिखी तो उसको त्यागने में हम दस सेकेंड का वक्त भी नहीं लगाएंगे। नौकरी का डर मत दिखाइए।" बजरंग के इस ट्वीट ने सोशल मीडिया पर खलबली मचा दी है। इससे पहले बजरंग ने आंदोलन से पीछे हटने वाली खबरों का खंडन किया था। उन्होंने ट्वीट में लिखा था- आंदोलन वापस लेने की खबरें कोरी अफवाह हैं। ये खबरें हमें नुकसान पहुंचाने के लिए फैलाई जा रही हैं। हम न पीछे हटे हैं और न ही हमने आंदोलन वापस लिया है। महिला पहलवानों की एफआईआर उठाने की खबर भी झूठी है। इंसाफ मिलने तक लड़ाई जारी रहेगी।

दरअसल, 2021 टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बृजभूषण के खिलाफ चल रहे आंदोलन का मुख्य चेहरा हैं। यह तीनों रेलवे में अपनी नौकरी पर वापस लौट गए हैं। इसके बाद मीडिया रिपोर्ट्स में ऐसा दावा किया गया कि तीनों ने आंदोलन से नाम वापस ले लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स में सबसे पहले साक्षी का नाम बताया गया। इसके बाद साक्षी ने ट्वीट कर खबरों का खंडन किया था। साक्षी ने कहा- यह खबर बिल्कुल गलत है। इंसाफ की लड़ाई में न हम में से कोई पीछे हटा है, न हटेगा। सत्याग्रह के साथ साथ रेलवे में अपनी जिम्मेदारी को साथ निभा रही हूं। इंसाफ मिलने तक हमारी लड़ाई जारी है। कृपया कोई गलत खबर न चलाई जाए। ऐसे में पहलवानों के ट्वीट से यह साफ है कि साक्षी, बजरंग और विनेश रेलवे में अपनी नौकरी पर जरूर वापस लौट गए हैं, लेकिन इंसाफ के लिए उनका आंदोलन जारी रहेगा।

# इकाना स्टेडियम का बोर्ड गिरा मां-बेटी की दबकर हुई मौत

**हादसा**

- कई लोग नीचे दबे, क्रेन से हटाया जा रहा मलबा



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के इकाना स्टेडियम का बोर्ड सोमवार की शाम को गिर गया। बताया जा रहा है कि कानपुर निवासी प्रीति (39) और उसकी बेटी ऐंजल (13) की हादसे में मौत हो गई है। जबकि एक घायल है। हादसे में बचाव कार्य जारी है। पुलिस मौके पर मौजूद थी। स्पेशल डीजी एलओ का कहना है कि तीन लोग नीचे दबे हैं। क्रेन की मदद ली जा रही है। मलबे में एक कार भी नीचे दब गई है। राहत व बचाव कार्य जारी है।

तेज आंधी में सोमवार करीब साढ़े चार बजे इकाना स्टेडियम का भारी-भरकम ग्लोसाइन बोर्ड गिर गया। बोर्ड स्टेडियम के ठीक सामने सड़क पर लोहे के एंगल पर लगा था। बोर्ड के नीचे कई कार, बाइक सवार और राहगीर दब गए। घटना से अफरातफरी मच गई। बोर्ड के नीचे दबे लोग चीख-पुकार कर रहे थे। राहगीर भागे, उन्होंने आनन फानन लोगों को निकालना शुरू किया। गोमतीनगर विस्तार, सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस समेत कई अधिकारी और गोमतीनगर फायर स्टेशन की टीम पहुंचे। जेसीबी और क्रेन लगाकर बोर्ड में लगे लोहे के एंगल और मलबा हटाकर लोगों को निकाला जाने लगा। कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें क्षेत्र में स्थित अस्पताल ले जाया गया। एफएसओ गोमतीनगर शिवदरस प्रसाद ने बताया कि पुलिस और दमकल की टीम ने कई लोगों को सुरक्षित निकाल लिया है। राहत एवं बचाव कार्य अभी जारी है।

## मोदी ने योगी को दी जन्मदिन की बधाई

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें ट्वीट कर बधाई दी है। इस मौके पर पीएम मोदी ने उनकी जमकर तारीफ की। पीएम मोदी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के शानदार नेतृत्व में प्रदेश बहुमुखी विकास कर रहा है। बीते छह वर्षों में प्रदेश ने विकास के सभी प्रतिमानों पर बेहतरीन प्रदर्शन किया है। मैं उनके लंबे व स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना करता हूं। इसी तरह सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व बसपा सुप्रीमो मायावती ने सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उनके जन्मदिन पर बधाई और आगे के जीवन के लिए शुभकामनाएं दी हैं। अखिलेश यादव ने ट्वीट किया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जन्मदिन की बधाई। वहीं, मायावती ने ट्वीट किया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को आज उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं तथा उनके स्वस्थ्य व दीघार्यु जीवन की कामना।

# सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल पाप के समान

**बोले योगी**

- मुख्यमंत्री योगी ने पर्यावरण के प्रत्येक क्षेत्र में दिख रहे प्रदूषण पर गहरी चिंता व्यक्त की



**गोरखपुर।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने पर्यावरण के प्रत्येक क्षेत्र में दिख रहे प्रदूषण पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण पर नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण के लिए सरकार अपने स्तर पर गंभीर प्रयास कर रही है पर इसके साथ ही प्रदूषण के घातक दुष्परिणामों से बचने के लिए हर व्यक्ति को पर्यावरण अनुकूल आचरण अनिवार्य रूप से करना होगा।

सीएम योगी सोमवार को वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की तरफ से आयोजित विश्व पर्यावरण दिवस समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित 'रेस फॉर लाइफ : सर्कुलर इकॉनमी एवं लोकल क्लाइमेट एक्शन' विषयक कांफ्रेंस में मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस के आयोजन की शुरूआत के साथ पर्यावरण संकट पर चिंता 51 वर्ष पूर्व से की जा रही है। 51 वर्षों की आर्थिक विकास यात्रा में पर्यावरण कहां छूट गया, यह चिंतनीय है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण पृथ्वी, जल, वायु, पेड़-पौध सबका समन्वित रूप है। हम सबकी रचना भी पंचतत्वों के इर्दगिर्द हुई है। हमारा जीवन चक्र व सृष्टि एक दूसरे से जुड़े हुए हैं लेकिन हमने सृष्टि के तत्वों जल, वायु को प्रदूषित किया। इसका खामियाजा हमें विभिन्न प्रकार की बीमारियों के रूप में भुगतना पड़ रहा है। लोगों की कमाई का बड़ा हिस्सा इन बीमारियों के उपचार पर खर्च हो जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय मनीषा के मंत्र इस बात के प्रमाण हैं कि हमारे पूर्वजों ने सृष्टि के प्रत्येक वस्तु के कल्याण की बात की है। कल्याण मतलब कोई भी वस्तु प्रदूषित न होने पाए। पहले हम यज्ञ करते थे, घर-घर हवन होता था। इन सबको तिलांजलि देकर हमनें ऐसी जीवन पद्धति अपना ली जो आज हमारे लिए ही घातक हो गई। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के साथ छेड़छाड़ करने का दुष्परिणाम प्रदेश के कुछ हिस्सों में सितंबर-अक्टूबर की असमय बाढ़ या दिल्ली में नवंबर-दिसंबर के स्मॉग के रूप में सामने है। दिल्ली में तो ऐसा संकट होता है कि लोगों को श्वांस लेने, आंखें खोलने में दिक्कत होने लगती है। उद्योगों को बंद करना पड़ता है। कभी सूखा तो कभी अतिवृष्टि से अन्न का संकट भी खड़ा हो सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कार्बन उत्सर्जन कम कर पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से सरकार पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा को प्रोत्साहित कर रही है। इसके लिए शहर ही नहीं गांवों में एलईडी लाइट की व्यवस्था की जा रही है। एलईडी कार्बन उत्सर्जन कम करने का माध्यम बन रहा है। इसी तरह सोलर पावर को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। सीएम योगी ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में नमामि गंगे प्रोजेक्ट का उल्लेख करते हुए कहा कि आज प्रयागराज, काशी में गंगा जी का जल स्वच्छ व अविरल हो गया है।







## भारत स्पष्ट रोडमैप के साथ आगे बढ़ रहा : पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत वर्तमान आवश्यकताओं और भविष्य के दृष्टिकोण के बीच संतुलन बनाए रखते हुए पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के लिए एक स्पष्ट रोडमैप के साथ आगे बढ़ रहा है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उन्होंने कहा कि अगर भारत ने अपने 4-जी और 5-जी दूरसंचार नेटवर्क का विस्तार किया है तो उसने अपने वन क्षेत्र को भी समान स्तर पर बढ़ाया है। पीएम ने कहा, इस साल विश्व पर्यावरण दिवस का विषय सिंगल-यूज प्लास्टिक से छुटकारा पाना है। यह एक ऐसा मुद्दा है जिसके बारे में दुनिया आज बात कर रही है लेकिन भारत पिछले चार-पांच वर्षों से लगातार इस दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने कहा, 2018 में ही भारत ने सिंगल यूज प्लास्टिक से छुटकारा पाने के लिए दो स्तरों पर काम करना शुरू कर दिया था। एक तरफ, हमने इस पर प्रतिबंध लगा दिया और दूसरी तरफ हमने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रसंस्करण को अनिवार्य बना दिया। उन्होंने कहा कि भारत अपने विकास के लिए किसी भी अन्य क्षेत्र की तरह बड़े पैमाने पर पर्यावरण पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

## थाने में घुसकर पुलिस को पीट रहे भाजपा सांसद: अखिलेश

**मढ़ा आरोप**

- बोले, अपराधियों को बचाने में लगी सरकार

**लखीमपुर।** कन्नौज की घटना को लेकर समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने भाजपा के लोगों को खुली छूट दे रखी है। वह थाने में घुस सकते हैं। भाजपा के सांसद पुलिस को पीट रहे हैं और सरकार अपराधियों को बचाने में लगी है। उन्होंने कहा कि 2024 के चुनाव में प्रदेश और देश से भाजपा का सफाया होगा। सोमवार को सपा के कार्यकर्ता सम्मलेन में शामिल होने लखीमपुर पहुंचे अखिलेश यादव ने भाजपा के टिफिन इवेंट को लेकर भी तंज कसा। कहा कि बच्चों को खाना, ड्रेस और जूते न दे पाने वाली भाजपा सरकार के लोग खुद टिफिन खा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो सरकार खुद टिफिन खाए और बच्चों को खाना न दे पाए, उससे बच्चों के भविष्य को लेकर क्या उम्मीद करोगे। ओडिशा के बालासोर ट्रेन हादसे को लेकर भी सपा मुखिया ने सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जो लोग ट्रिपल इंजन का सपना दिख रहे थे, उनके ट्रिपल इंजन आपस में ही भिड़ गए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने किसान, नौजवान और व्यापारियों को बर्बाद किया है।

# बीजेपी गोडसे की विचारधारा पर चल रही: राहुल गांधी

**साधा निशाना**

- आरएसएस भविष्य की ओर देखने में 'अक्षम', मोदी 'रियरव्यू मिरर' देख भारतीय कार चला रहे हैं

**न्यूयार्क।** राहुल गांधी अमेरिका दौरे पर हैं। सोमवार को उन्होंने भारतीय प्रवासियों को संबोधित किया। राहुल गांधी ने कहा कि भारत के विकास में प्रवासी भारतीयों ने अहम किरदार निभाया है। उन्होंने दुनिया में खुले विचार रखे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े महात्मा गांधी, बीआर अंबेडकर, सरदार वल्लभभाई पटेल, जवाहरलाल नेहरू और सुभाष चंद्र बोस सहित सभी प्रमुख नेता एनआरआई थे, उन्होंने दुनिया में खुले विचार व्यक्त किए। आधुनिक भारत के निमार्ता महात्मा गांधी एक एनआरआई थे। स्वतंत्रता आंदोलन की नींव दक्षिण अफ्रीका में रखी गई थी।

राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा ने भारत को बदनाम करने के लिए वैश्विक स्तर पर एक नैरेटिव लागू करने का आरोप लगाया है। भाजपा पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि देश फिलहाल दो विचारधाराओं के कारण संघर्ष कर रहा है। पहला कांग्रेस समर्थित दूसरी भाजपा और आरएसएस समर्थित। लेकिन कांग्रेस के सिद्धांत और हमारी विचारधारा महात्मा गांधी के विचारधारा से मेल खाती है। उन्होंने कहा कि भाजपा के विचार महात्मा गांधी की हत्या करने वाले नाथूराम गोडसे से मेल खाते हैं। हमारी विचारधारा उन महात्मा गांधी से मेल खाती है, जो एक एनआरआई थे। वह बेहद सुलझे हुए व्यक्ति थे। उन्होंने जीवन भर सत्य की खोज की। भाजपा गोडसे की विचारधारा पर चलती है, जो हिंसक है और गुस्सैल व्यक्ति है और जीवन की सच्चाई का सामना करने में असमर्थ है।राहुल गांधी ने अप्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं आप सभी से प्यार करता हूं। मैं आप लोगों की सेवा में हूं। आप लोग जो करते हैं, मैं उससे प्यार करता हूं। राहुल ने कहा कि आपने बीजेपी की मीटिंग में कभी आईलवयू सुना हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग एक दूसरे से प्यार करते हैं। वे अक्सर कहते हैं भाई, मुझे आपसे प्यार है। उन्होंने कहा कि यही हिंदुस्तान है। नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान। राहुल गांधी अमेरिका के तीन शहरों की यात्रा पर हैं। यहां वॉशिंगटन और सैन फ्रांसिस्को के बाद राहुल गांधी न्यूयॉर्क पहुंचे। शनिवार को उन्होंने इंडियन ओवरसीज कांग्रेस-यूएसए द्वारा आयोजित कार्यक्रम में राहुल गांधी ने कहा था कि हमने कर्नाटक में यह करके दिखाया है कि हम भाजपा को हरा सकते हैं। हमने ना सिर्फ भाजपा को हराया बल्कि उसे धूल में मिला दिया।




### ट्रेन हादसे पर सवाल पूछो तो पीएम मोदी कहेंगे, कांग्रेस की वजह से हुआ

राहुल गांधी ने रविवार देर रात न्यूयॉर्क में भारतीय मूल के लोगों को संबोधित किया। कार्यक्रम न्यूयॉर्क के जेविट्स सेंटर में हुआ। राहुल को सुनने के लिए 5 हजार प्रवासी भारतीय जुटे। राहुल ने यहां 26 मिनट भाषण दिया। राहुल के भाषण से पहले ओडिशा ट्रेन हादसे के विक्टिम्स को श्रद्धांजलि दी गई। राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश को पीछे ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा- आप सब कार में बैठकर इस कार्यक्रम में आए, अगर आप सिर्फ रियर व्यू मिरर में देखकर गाड़ी चलाएंगे, तो क्या सही से चला पाएंगे। एक के बाद एक हादसे होंगे। लेकिन पीएम मोदी देश की गाड़ी ऐसे ही चला रहे हैं। वे सिर्फ पीछे की तरफ देख रहे हैं और फिर हैरान हो रहे हैं कि हादसे पर हादसे क्यों हो रहे हैं। आरएसएस और भाजपा पीछे की सोच रखते हैं। उनसे कुछ भी पूछे, वो पीछे की तरफ देखने लगते हैं। उनसे पूछो ट्रेन हादसा कैसे हुआ, तो वो कहेंगे कि कांग्रेस सरकार ने 50 साल पहले ये किया था।





# वाराणसी भास्कर



# थाने से सौ गज की दूरी पर हुआ था कांड

**कितने थे बेखौफ हत्यारे**

घटना के समय अवधेश राय घर के बरामदे में खड़े थे

**वाराणसी।** लहुराबीर से सटे चेतगंज थाने से सौ गज की दूरी पर अवधेश राय का घर था। 3 अगस्त 1991 को दोपहर एक बजे अवधेश अपने भाई अजय राय के साथ घर के बरामदे में खड़े थे। उसी वक्त अचानक मारुति वैन से पांच हमलावर पहुंचे। उन्होंने ऑटोमैटिक हथियार से अवधेश राय पर फायरिंग कर दी। वारदात के बाद अजय राय ने हमलावरों को पकड़ने की कोशिश की तो वे अपनी वैन छोड़कर मौके से भाग गए। खून से लथपथ भाई को अजय राय उसी वैन से नजदीकी कबीर चौरा अस्पताल ले गए, वहां डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया। इस मामले में अजय राय की तहरीर के आधार पर चेतगंज थाने की पुलिस ने मुख्तार अंसारी, भीम सिंह, राकेश न्यायिक, कमलेश सिंह और पूर्व विधायक अब्दुल कलाम के अलावा एक अज्ञात के खिलाफ हत्या और बलवा सहित अन्य आरोपों में मुकदमा दर्ज किया था। मुकदमे के ट्रायल के दौरान ही कमलेश सिंह और पूर्व विधायक अब्दुल कलाम की मौत हो गई। भीम सिंह और राकेश न्यायिक की पत्रावली इलाहाबाद की अदालत में लंबित है।



फैसले के बाद विक्ट्री साइन दिखाते अजय राय

## फैसले पर थी सबकी निगाहें

वाराणसी। लहुराबीर इलाके में अवधेश राय का घर था। 3 अगस्त 1991 को दोपहर एक बजे अवधेश अपने भाई अजय राय के साथ घर के बाहर खड़े थे। उसी वक्त अचानक मारुति वैन से पांच हमलावर पहुंचे। उन्होंने ऑटोमैटिक हथियार से अवधेश राय पर फायरिंग कर दी। वारदात के बाद अजय राय ने हमलावरों को पकड़ने की कोशिश की तो वे अपनी वैन छोड़कर मौके से भाग गए। खून से लथपथ भाई को अजय राय उसी वैन से नजदीकी कबीर चौरा अस्पताल ले गए, वहां डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया। इस मामले में अवधेश राय के छोटे भाई अजय राय की तहरीर के आधार पर चेतगंज थाने की पुलिस ने मुख्तार अंसारी, भीम सिंह, राकेश न्यायिक, कमलेश सिंह और पूर्व विधायक अब्दुल कलाम के अलावा एक अज्ञात के खिलाफ हत्या और बलवा सहित अन्य आरोपों में मुकदमा दर्ज किया था। मुकदमे के ट्रायल के दौरान ही कमलेश सिंह और पूर्व विधायक अब्दुल कलाम की मौत हो गई। भीम सिंह और राकेश न्यायिक की पत्रावली इलाहाबाद की अदालत में लंबित है।

## इस केस की डायरी हो गई थी गायब

अवधेश राय हत्याकांड केस की सुनवाई के दौरान मूल केस डायरी गायब हो गई थी। इस साल जून में इसका पता तब चला जब चेतगंज थाना प्रभारी ने एमपी/एमएलए कोर्ट में फोटो स्टेट केस डायरी दाखिल की थी। कोर्ट में फोटो स्टेट दाखिल करने पर मुख्तार के वकील श्रीनाथ त्रिपाठी ने आपत्ति जताई थी। जबकि अभियोजन ने फोटो स्टेट के आधार पर सुनवाई की मांग की थी। अभियोजन द्वारा तर्क दिया कि मूल केस डायरी गायब कराने में मुख्तार ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल किया है। दरअसल, इस केस की सुनवाई वाराणसी के एडीजे कोर्ट में ही चल रही थी, लेकिन 2007 में सुनवाई के दौरान अदालत के बाहर बम ब्लास्ट हो गया था। इसे लेकर आरोपी राकेश सुरक्षा को खतरा बताते हुए हाईकोर्ट चला गया था। बाद में प्रयागराज में एमपी/एमएलए कोर्ट का गठन हुआ तो मुख्तार के विधायक बन जाने के चलते प्रयागराज में सुनवाई हुई। हालांकि बाद में जब वाराणसी में एमपी/एमएलए कोर्ट बनी, तो सिर्फ मुख्तार के खिलाफ सुनवाई वाराणसी में शिफ्ट कर दी गई थी।

## कोर्ट के फैसले के बाद अवधेश राय को दी श्रद्धांजलि

कोर्ट के फैसले के बाद पूर्व विधायक अजय राय के घर में अवधेश राय को श्रद्धांजलि देने के लिए आसपास के लोग पहुंचे थे अजय राय के परिवार के साथ बड़ी संख्या में लोगों ने स्व .अवधेश राय को श्रद्धांजलि दी। कहा कि न्यायालय पर पूरा भरोसा था।

## क्या कहा, वादी प्रतिवादी के अधिवक्ताओं ने

वादी के अधिवक्ता अनुज यादव ने कहा समाज में अच्छा संदेश जायेगा जो भी मुख़्तार से पीड़ित है वह अब निर्भीक होकर मुख़्तार के खिलाफ पैरवी करेंगे ।वादी और गवाह विजय पाण्डेय की गवाही से उनके लम्बे संघर्षो से सजा दिलाने में सफलता मिली। पूर्व डीजीसी आलोक चंद्र शुक्ल ने कहा कि अभियोजन कि मेहनत से सजा दिलाई मुकदमे के बीमार विवेचक को वीसी के जरिये पेशी कराकर गवाही करना सजा दिलाने में महत्वपूर्ण कड़ी साबित ह्ुआ। एडीजीसी विनय कुमार सिंह ने कहा कि तथ्य के चश्म साक्षीयों ने अभियुक्त कि संलिप्तता को साबित किया जो सजा दिलाने में महत्वपूर्ण कड़ी साबित हुआ। अभियोजन से सबंधित सारे लोग गंभीरता से अथक प्रयास किया। जो समय समय से गवाह को पेश करना , सुरक्षा आदि पहलुओं पर तत्पर रहे। प्रतिवादी पक्ष के अधिवक्ता ने कहा कि एम पी एम एल ए कोर्ट वाराणसी द्वारा पारित निर्णय पर कोई टिप्पणी नहीं है। हमें न्यायालय पर पूर्ण आस्था है। हम लोग इस आदेश के विरुद्ध माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद में अपील करेंगे, हमें विश्वास है कि माननीय उच्च न्यायालय से हमें जरूर न्याय मिलेगा ।

## 9 महीने में मुख्तार को 5वीं सजा, उम्रकैद पहली बार

लगभग 9 महीनों में मुख्तार को 5 बार सजा सुनाई जा चुकी है। 22 सितंबर, 2022 को मुख्तार को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने 7 साल और अगले ही दिन गैंगस्टर मामले में 5 साल की सजा सुनाई गई थी। इसके बाद, 15 दिसंबर 2022 को मुख्तार को एडिशनल एसपी पर हमले समेत कुल 5 मामलों में 10 साल की सजा सुनाई गई थी ।29 अप्रैल, 2023 को मुख्तार को दो गैंगस्टर केस में सजा सुनाई। पहला केस 1996 में दर्ज हुआ था। इसमें मुख्तार और उसके सह आरोपी भीम सिंह को 10-10 साल की सजा सुनाई थी। वहीं, गैंगस्टर का दूसरा केस 2007 का था। इसमें मुख्तार को 10 साल और उसके भाई अफजाल अंसारी को 4 साल की सजा सुनाई थी। सोमवार को मुख्तार को 5वीं बार सजा सुनाई गई है।

## मुख्तार के खिलाफ दर्ज हैं 61 मुकदमे

मुख्तार अंसारी के खिलाफ गाजीपुर, वाराणसी, मऊ और आजमगढ़ के अलग-अलग थानों में 61 मुकदमे दर्ज हैं। इनमें से 8 मुकदमे ऐसे हैं, जो कि जेल में रहने के दौरान दर्ज हुए थे। ज्यादातर मामले हत्या से संबंधित हैं। सबसे ज्यादा मुकदमे उसके गृह जिले गाजीपुर में दर्ज हैं। बता दें कि मऊ में दंगे के बाद मुख्तार अंसारी ने 25 अक्टूबर, 2005 को गाजीपुर कोर्ट में सरेंडर किया था। इसके बाद से वह जेल में बंद है।

# विधायक सौरभ ने शास्त्री घाट परियोजना का किया निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज

**देखा कार्य**

**तपती धूप में काम कर रहे श्रमिकों को पिलाई रबड़ी वाली लस्सी**

**रामनगर।** कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने सोमवार को रामनगर के बलुआघाट पर निर्माणाधीन शास्त्री घाट परियोजना का निरीक्षण किया। विधायक ने निर्माण सामग्री के परीक्षण के साथ श्रमिकों की समस्याओं की भी जानकारी ली।निरीक्षण के दौरान विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने तपती धूप में कड़ी मेहनत कर रहे श्रमिकों को छांव में ले गए। उन्हें पानी पिलाया। उसके बाद एक लस्सी की दुकान से रबड़ी वाली लस्सी मंगवाई और एक-एक श्रमिक को अपने हाथ से लस्सी दी। विधायक ने कहा कि इन श्रमिकों के हाथों से रामनगरवासियों का एक बड़ा काम होने जा रहा है। इनकी सेवा करके मन प्रसन्न हो गया। निरीक्षण के दौरान भाजपा नेता अशोक जायसवाल, महानगर मंत्री डॉ. अनुपम गुप्ता, रितेश पाल गौतम, राजकुमार सिंह, जितेंद्र पांडेय, रितेश राय आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।



बलुआघाट-रामनगर में शास्त्री घाट परियोजना के निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों को लस्सी प्रदान करते कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव

## शवदाह प्लेटफॉर्म का लिया जायजा

रामनगर। कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ काशी के सांसद व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की निधि से रामनगर श्मशान घाट पर बन रहे शवदाह प्लेटफार्म का सोमवार को निरीक्षण किया। मौके पर उपस्थित नागरिकों के सुझावों से कार्यदायी संस्था के अभियंता को अवगत कराया। विधायक ने अभियंता व ठेकेदार को कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता के लिए सचेत किया। कहा कि यह शवदाह प्लेटफार्म बन जाने से रामनगर की जनता को काफी सुविधा होगी।

# प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र में मिलीं बड़ी कंपनियों की महंगी दवाएं

**खुली पोल**

**लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल का सौरभ ने किया औचक निरीक्षण**

**रामनगर।** कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव सोमवार को अचानक लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सालय पहुंचे और प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र की जांच की। जांच में शिकायत सही पायी गयी। केंद्र में काफी सख्या में अन्य कंपनियों की महंगी दवाएं भी विक्रय के लिए उपलब्ध थी। विधायक सौरभ श्रीवास्तव को लगातार यह सूचना मिल रही थी कि लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सालय के प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र से बाहर की दवाएं बेची जा रही हैं। साथ ही अस्पताल में दवा कंपनियों के प्रतिनिधि और बाहर की दवा के दुकानदारों के एजेंट घूमते रहते हैं और रोगियों को बाहर से दवा लेने के लिए मजबूर करते हैं। विधायक ने अस्पताल के सीएमएस इंचार्ज डॉ. भारती को बुलाया और दवाएं उनके सुपुर्द की। विधायक ने संबंधित अधिकारियों को दुकानदार पर कार्यवाही करने के लिए भी कहा। इसके बाद विधायक ने ओपीडी का दौरा किया। जहां बहुत लोगों ने यह शिकायत की कि दवा कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा बाहर से दवा लाने के लिए मजबूर किया जाता है। इस दौरान कुछ दवा कंपनियों के प्रतिनिधि भागते हुए भी दिखाई दिए। विधायक ने अस्पताल प्रबंधन को स्पष्ट शब्दों में अनियमितताओं पर लगाम लगाने के लिए कहा। विधायक ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने अस्पताल में सभी दवाओं की उपलब्धता बनाए रखी है। ऐसे में कोई औचित्य ही नहीं है कि मरीज को बाहर से दवा लेनी पड़े। यह अस्पताल गरीबों की सेवा के लिए बना है। सेवाभाव को मन में रखकर कार्य करने की आवश्यकता है।

# योगी के बर्थडे पर दूध से गंगा में अभिषेक

**आयोजन**

**हिन्दू युवा वाहिनी समेत विभिन्न संगठनों ने मनाया जन्म दिन**

**सीएम के जन्मदिन पर भाजपा ने रामनगर में पौधरोपण किया**



रामनगर में पौधरोपण कर सीएम योगी का जन्मदिन मनाते भाजपा कार्यकर्ता

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 51वां जन्मदिन सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। हिंदू युवा वाहिनी के सदस्यों ने बाबा विश्वनाथ धाम का दर्शन करने के पश्चात कॉरिडोर के गंगा द्वार पर 51 लीटर दूध से मां गंगा का अभिषेक कर योगी का जन्मदिन मनाया। हिंदू युवा वाहिनी के सदस्यों ने कहा कि हम सभी 2024 में प्रधानमंत्री की कुर्सी पर योगी आदित्यनाथ को देखना चाहते हैं। मां गंगा से यही प्रार्थना की कि योगीजी को शक्ति प्रदान करें। उनके अंदर सेवा करने की क्षमता बढ़े। उनका दायरा बढ़े। जलाभिषेक के दौरान काफी देर मंत्रोच्चार हुए। साथ ही मां गंगा की आरती भी की गई। इसके अलावा संगठन के लोगों ने कबीरचौरा स्थित शिव प्रसाद गुप्त मंडलीय अस्पताल में रक्तदान भी किया। जबकि बाबा दरबार में 51 किलो का लड्डू भी चढ़ाया गया।

दूसरी तरफ, भारतीय पथ विक्रेता संघ के बैनर तले शिवपुर स्थित कांशीराम आवासीय योजना परिसर में सीएम योगी का जन्म दिन मनाया गया। इस दौरान जहां पौधरोपण हुआ, वहीं 151 पौधों का वितरण कर उसे लगाने और संरक्षण करने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बाल अधिकार संरक्षण आयोग उत्तर प्रदेश के सदस्य इंजीनियर अशोक यादव, आशीष गुप्ता, बांकेलाल, शंकर साहू, बलिराम, रोशन अग्रहरि, गुड्डू चौहान, सीमा पांडेय, दशमी प्रसाद आदि थे।

रामनगर। भाजपा कार्यकर्ताओं ने नई बस्ती स्थित गंगा किनारे अंबेडकर मूर्ति के समीप पौधरोपण कर सीएम योगी का जन्म दिन मनाया। नेतृत्व करतीं हुई पार्षद मोनिका यादव ने कहा कि पौधरोपण करने के साथ ही इसके संरक्षण का हम सभी को संकल्प लेना होगा, तभी पर्यावरण को स्वच्छ रख सकते हैं। इस दौरान मनोज यादव, कैलाश कुशवाहा, अंशुमान सिंह, राहुल कुमार, आकाश गोस्वामी, संदीप मौर्या, विवेक मिश्रा आदि थे।

## सीएम के जन्मदिन पर ढाई कुंतल दूध की चाय का निःशुल्क वितरण



**वाराणसी।** इंग्लिशिया लाइन स्थित जवाहर लाल नेहरू मार्केट में सोमवार को फेरी पटरी ठेला व्यवसायी समिति सदस्य व पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थी कन्हैया सेठ द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर ढाई क्विंटल दूध की चाय का निःशुल्क वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि हम रेहड़ी पटरी व्यवसायियों के लिए कोरोना महामारी में वैक्सीन से लेकर प्रत्येक व्यवसायियों की चिंता कर सरल सहज तरीके से बैंक द्वारा पीएम स्व निधि योजना का लाभ दिलाया। हम मुख्यमंत्री की कार्यशैली से प्रभावित होकर अपनी इच्छानुसार उनका जन्मदिवस मना रहे हैं। इस दौरान समिति द्वारा प्रतिदिन निःशुल्क संचालित की जाने वाली स्ट्रीट पाठशाला के बच्चों के बीच मिष्ठान, चिप्स,चॉकलेट और बिस्कुट आदि सामग्री भी वितरित की गई। समारोह में मुख्य रूप से भाजपा महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, महामंत्री जगदीश त्रिपाठी, पार्षद मदन दुबे, पार्षद संदीप सिंह, पार्षद बलराम कन्नौजिया, पार्षद संजू सरोज, पार्षद शैलेंद्र कुमार श्रीवास्तव, रेहड़ी पटरी व्यवसाय प्रकोष्ठ काशी प्रांत संयोजक प्रकाश कुमार श्रीवास्तव, भाजपा नेता अजय सिंह बॉबी, गौरव प्रकाश, समिति अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिंह महादेव, कार्यकारी अध्यक्ष हरिशंकर सिन्हा, सचिव अभिषेक निगम, प्रमोद सरोज, अनूप गुप्ता, शीला देवी आदि मौजूद रहे।














रिटेल डायरेक्ट्री






# ओवरब्रिज के डिवाइडर से टकराकर नीचे गिरा ट्रक, चालक की गई जान

**दुखद**

**लालगंज के पतुलकी गांव की घटना**

**जनसंदेश न्यूज**

**लालगंज।** राष्ट्रीय नेशनल हाईवे सड़क पतुलखो के सामने सोमवार को सुबह मिर्जापुर की ओर से मध्य प्रदेश जा रही ट्रक ट्रेलर अनियंत्रित होकर लालगंज के पतुलकी गांव के सामने ओवरब्रिज में घुस गई। जिससे ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज ली गई।

जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मध्य प्रदेश रीवा जिले के कैलाशपुर गांव के निवासी दिनेश कुमार 37 वर्ष गाजीपुर से खाली ट्रक पिपराही मध्य प्रदेश लेकर लेकर जा रहे थे। वह लालगंज के पतुलकी गांव के सामने पहुंचे तो ओवर ब्रिज पर ट्रक अनियंत्रित हो गई और फोरलेन सड़क के बीचों बीच ओवर ब्रिज की रेलिंग को तोड़ते हुए फूल के अंदर झूल गई। घटना के समय ट्रक से रेलिंग टूटने की इतनी जोरदार थी कि राहगीरों के साथ ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। सुबह के समय वाकिंग करने वाले ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दे दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस घायल ट्रक चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज ले गई। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को दे दिया और शव को कब्जे में लेकर परिजनों की आने की प्रतीक्षा के साथ विधिक कार्रवाई में जुट गई।

## छत से गिरकर झोलाछाप डाक्टर की हुई मौत

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के अमहा पानी टंकी के पास शिवशंकर सिंह पटेल के मकान में किराए का कमरा लेकर क्लीनिक चला रहे प्रयागराज जिले के कोरांव थाना क्षेत्र के बांस गांव निवासी 45 वर्षीय राजेश सिंह पटेल की रविवार की देर रात छत से गिरकर मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह ने मकान मालिक व ग्रामीणों से घटना के संबंध में पूछताछ कर जांच पड़ताल की। प्रयागराज जिले के बांस गांव निवासी शंभू सिंह पटेल का 45 वर्षीय पुत्र राजेश सिंह क्षेत्र के अमहा गांव स्थित पानी टंकी के पास अपने रिश्तेदार के यहां किराए का मकान लेकर पत्नी शीला पटेल के साथ रहते थे और 15 वर्षों से क्लीनिक खोलकर लोगों का इलाज करते थे। रविवार की रात खाना खाकर छत पर सोने चले गए। जहां देर रात छत से नीचे गिरने से झोलाछाप की मौत हो गई। सोमवार सुबह घटना की जानकारी होने पर मृतक की पत्नी और मकान मालिक आनन-फानन में उपचार हेतु मंडलीय चिकित्सालय ले गए जहां चिकित्सक ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजन शव को लेकर घर चले गए थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज वीरेन्द्र सिंह ने घटना की जांच पड़ताल की। इस संबंध में थानाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि घटना की जांच पड़ताल की गई है छत से गिरने से युवक की मौत हुई है परिजन शव का पोस्टमार्टम नही कराना चाहते हैं शव को लेकर घर चले गए हैं।

# घटना के दूसरे दिन मिला साहिल का शव

**जनसंदेश न्यूज**

**बरामदगी**

**पम्प कैनाल के पास उतराया मिला युवक का शव**

**मछली मार रहे युवकों ने पुलिस को दी शव मिलने की जानकारी**

**कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमॉर्टम को भेज दिया**

**अदलहाट।** ग्राम रैपुरिया व टिकरी वाराणसी के बीच मध्य गंगा के रेती पर साथियों के साथ स्नान करते समय डूबे लापता युवक का शव सोमवार को नरायनपुर पम्पकैनाल के पास उतराया मिला। ज्ञात हो रविवार को नौ साथियों के साथ चितईपुर थाना क्षेत्र के वसुंधरा मोटर्स के कर्मचारी गंगा में स्नान करने आये थे। गहरे पानी मे चले जाने से पांच युवक गंगा मे डूबने लगे थे। तीन युवकों को बचा लिया गया था। अनिल कुमार उर्फ सोनू की मौत वाराणसी के ट्रामा सेंटर जाते समय हो गयी थी तथा साहिल गौतम 24 वर्ष पुत्र अमित गौतम निवासी शास्त्रीनगर खैरा बाद घाषियाना सुलतानपुर गंगा में लापता हो गया था।

रविवार को वाराणसी से आयी एनडीआरएफ की टीम भी शव को खोजने में असफल हो गयी थी। सोमवार की सुबह नरायनपुर के पम्पकैनाल के पास मछली मारने पहुंचे ग्रामीणों ने शव उतराया मिलने की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। शव देखते ही परिजन बिलखने लगे। मृतक साहिल गौतम कि शादी नही हुई थी। तीन भाइयों में सबसे छोटा था।

पिता अमित गौतम पेंटिंग का कार्य करते है। घर की माली हालत ठीक नही होने के चलते साहिल गौतम वाराणसी में रहकर प्राइवेट नौकरी करता था। नरायनपुर पुलिस आवश्यक कार्यवाही के बाद शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया।

# अवैध तरीके से हो रहे कब्जे को हटाने की मांग

## स्वर्ण जयंती पार्क त्रिमुहानी पर कब्जे को लेकर प्रदर्शन

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** नगर के त्रिमुहानी पार्क स्थित कांग्रेस स्वर्ण जयंती पार्क पर लोगों द्वारा अवैध अनाधिकृत कब्जा को लेकर सोमवार को शहर कांग्रेस कमेटी के लोगों ने जिलाधिकारी को एक पत्रक सौंपा।



पत्रक देने जाते कांग्रेसी

जिसमें जानकारी देते हुए नगर अध्यक्ष भगवान दत्त पाठक उर्फ राजन पाठक ने बताया कि स्वर्ण जयंती त्रिमुहानी पार्क कांग्रेस पार्टी का पार्क है, जहां 100 वर्ष से ज्यादा समय से जिला कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी का इस पर कब्जा है। जानकारी देते हुए बताया कि यह पार्क असहयोग आंदोलन सन 1920 21वीं तथा नमक भंग कानून 1930 ईस्वी में सत्याग्रह करने वाले तथा नमक बनाने वाले मीरजापुर के प्रतिष्ठित स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों की गतिविधियों का साक्षी रहा है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की स्थापना 1885 हुई थी। सन 1935 ईस्वी में कांग्रेस कमेटी के स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने पर केंद्र प्रांत एवं जिला स्तर पर स्वर्ण जयंती मनाई गई। कांग्रेस कमेटी के लोगों ने अवैध तरीके से हो रहे कब्जे को हटवाने की मांग किया है। इस दौरान बृजेश पांडेय, राम सिंह, छोटे खान, शंकर चौबे, राजधर दुबे, कमलेश दुबे, रमेश प्रजापति, पप्पू इश्तियाक अंसारी, मनीष दुबे, रियाज अहमद, राजेंद्र विश्वकर्मा, कुंज बिहारी उपाध्याय, अनुज मिश्रा, अशोक गुप्ता, विजय दुबे, नरेंद्र ठाकुर इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा से जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन प्रत्याशी बने डा. जगदीश सिंह पटेल

**बनाया कैंडिडेट**

**जिले में दौड़ी खुशी की लहर**

**जनसंदेश न्यूज**

**मड़िहान।** स्थानीय क्षेत्र के जमुई गांव निवासी भाजपा जिला उपाध्यक्ष व द्वितीय मालवीय के नाम से विख्यात डा. जगदीश सिंह पटेल को भारतीय जनता पार्टी का शीर्ष नेतृत्व ने प्रत्याशी घोषित किया है। प्रत्याशी घोषित होते ही जगदीश सिंह पटेल के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। डा. जगदीश सिंह पटेल के बारे में बताया जाता है कि इन्होंने उस दौर में भाजपा की लाज बचाई थी जब प्रदेश व केन्द्र में भाजपा वनवास झेल रही थी तब जगदीश सिंह पटेल को विधान परिषद सदस्य में उम्मीदवार बनाया गया था जिसमें उत्तर प्रदेश के सभी प्रत्याशियों से ज्यादा मत इनको मिला था।



डा. जगदीश पटेल को बधाई देते काशी प्रांत के अध्यक्ष

हालांकि बसपा उम्मीदवार विनीत सिंह से हार गये थे। बावजूद लम्बे समय से भाजपा का झंडा-डंडा लेकर सड़को पर संघर्ष करते रहें। यहां तक की 2017 विधानसभा चुनाव में भाजपा ने उम्मीदवारी पर मुहर भी लगा दी थी लेकिन अंतिम समय में टिकट नहीं मिला। जबकि 2017 के पहले इनके द्वारा जगह-जगह कार्यक्रम व बैनर पोस्टर लगाकर तैयारी किया गया था जो अंतिम समय में टिकट नहीं मिला। बावजूद इन्होंने भाजपा प्रत्याशी की मदद किया। भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा लम्बे समय बाद इनके संघर्ष को याद करते हुए जिला सहकारी बैंक का चेयरमैन प्रत्याशी घोषित किया गया जिससे समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। बता दें कि नक्सल व पिछड़ा क्षेत्र मड़िहान तहसील के अंदर शिक्षा के क्षेत्र में डा० जगदीश सिंह पटेल ने बहुत बड़ा काम किया है इनके पुत्र राजगढ़ ब्लाक के ब्लाक प्रमुख है। प्रत्याशी घोषित होने के बाद जगदीश सिंह पटेल ने विंध्यांचल माता रानी के दरबार में मत्था टेककर आशीर्वाद मांगा। बधाई देने वालों में क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह, नगर विधायक रत्नाकर मिश्र, छानबे विधायक रिंकी कोल, एमएलसी विनीत सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कनौजिया, पूर्व जिलाध्यक्ष गंगासागर दुबे, लालबहादुर सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी, निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष मनोज जायसवाल, जिला मंत्री हरिशंकर सिंह पटेल,रमाकांत पटेल ज्ञान प्रकाश दुबे, राजगढ़ ब्लाक प्रमुख गजेन्द्र प्रताप सिंह आदि लोग रहें।

# शव दफनाने को लेकर घंटों चली पंचायत

## तहसीलदार के आदेश के बाद दफनाया गया शव

**जनसंदेश न्यूज**

**अदलहाट।** विकास नरायनपुर अन्तर्गत ग्राम कोलउन्द में सोमवार को ग्रामीणों के विरोध के बावजूद तहसीलदार नूपूर सिह ने गांव के सरकारी कब्रिस्तान में शव को दफनवाया। मृतक जैनूद्दीन खांन 65 वर्ष जो पठान थे। उन्होंने जीवित रहते हुए शेख बिरादरी के कब्रिस्तान में दफनाने की इच्छा कर दी थी। इस कब्रिस्तान में दफनाने का विरोध कर रहे ग्रामीण गुड्डू शेख बाबू, बेचन इस्तिखार, निसार खांन आदि ने बताया कि कोलउन्द में चार जगहों पर सरकारी कब्रिस्तान है।



शव को दफनाने को लेकर मौके पर जुटे अधिकारी

परम्परानुसार पठान व शेख दोनों अलग अलग कब्रिस्तान में दफन किये जाते रहे है। मृतक जैनूद्दीन खांन ने सन 2000 में कानूनी लड़ाई लड़ कर जिस कब्रिस्तान को खाली कराया था। उनकी दो पत्नी की मृत्यु के बाद उसी कब्रिस्तान में दफनाया गया था। तो जैनूद्दीन के शव को भी उसी कब्रिस्तान में ही दफन किया जाय। मृतक जैनूद्दीन खांन की पुत्री सबाना के साथ के अन्य लोग गांव के शिव मंदिर के पास वाले कब्रिस्तान में शव दफन करने को अड़ गये थे। जिसमें अब तक शेख बिरादरी के शवों को दफनाया जा रहा था।

मौके पर पहुंची तहसीलदार नूपूर सिह ने कहा कि कब्रिस्तान सरकारी है तो मृतक के परिजन गांव के किसी भी सरकारी कब्रिस्तान में शव दफना सकते है। उन्हे मना नही किया जा सकता। अन्त में मृतक पक्ष के ग्रामीणों ने शव को दफन किया।

इस दौरान प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार चौरसिया, कानूनगो नागेंद्र द्विवेदी, लेखपाल विजय सिंह, लेखपाल सुनील मौर्या, प्रधान जीशान खांन, पूर्व प्रधान निसार खांन आदि तमाम लोग उपस्थित रहें।

## उधार बियर न मिलने पर सेल्समैन का फोड़ा सिर

**मीरजापुर।** देहात कोतवाली क्षेत्र के मुँहकुंचवा में उधार बीयर न देने पर मनबढ़ बदमाशों ने दुकान के सेल्समैन पर हमला कर दिया। राड से किए गए प्रहार में सेल्समैन धर्मेंद्र का सिर फुट गया। झुंड बनाकर पहुंचे बदमाशों ने दिन भर की बिक्री का रुपया भी लेकर फरार हो गए। नामजद तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी हैं। देहात कोतवाली क्षेत्र के मुँहकुंचवा स्थित सरकारी बीयर की दुकान पर धर्मेंद्र आम दिनों की तरह ग्राहकों को बियर बेंच रहा था। इसी दौरान दुकान पर रात करीब 9:30 बजे अक्सर बियर लेने आने वाले मनोज और अर्जुन पहुंचे। उन लोगों ने उधार बियर मांगा। जिस पर धर्मेंद्र ने उधार देने में अपनी असमर्थता जताया। लिहाजा दोनों युवक लौट गए। कुछ देर बाद दर्जन भर की संख्या में पहुंचे युवकों ने सेल्समैन पर हमला बोल दिया। हमला के चलते दुकान पर भगदड़ मच गई। हमलावर मारपीट के साथ ही बिक्री का रूपया भी लूट कर चलते बने। घायल सेल्समैन ने इसकी जानकारी ठेकेदार और पुलिस को दी। घायल धर्मेंद्र का इलाज मंडलीय अस्पताल में कराया गया। सूचना पर पहुंची देहात कोतवाली पुलिस जांच पड़ताल में जुटीं हैं। सीओ सदर शैलेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि कुछ लोग उधार की बीयर मांग रहे थे। उसी को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई है। देहात कोतवाली और चौकी प्रभारी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है।

# अपर जिला जज ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण

**सफाई पर जोर**

**कहा, कैदियों की पर्सनल समस्या का करें निस्तारण**

**मीरजापुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मीरजापुर के अपर जिला जज / सचिव लाल बाबू यादव ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर फलदार वृक्षों का रोपण किया। निरीक्षण के दौरान जेल में कुल 726 दोषसिद्ध व विचाराधीन बन्दी निरुद्ध पाये गये। कारागार के कार्यालय एवं अभिलेखों निरीक्षण किया। अपर जिला जज / सचिव के साथ प्रभारी जेल अधीक्षक आशुतोष मिश्रा ने संयुक्त रूप से व्यक्तिगत तौर पर प्रत्येक बैरकों में जाकर एक-एक बन्दियों से उनके स्वास्थ्य इलाज, दवा पेयजल, नियमानुसार नास्ता खाने व मुकदमें में पैरवी हेतु अधिवक्ता होने अथवा न होने की जानकारी प्राप्त किया और सिद्धदोष कैदियों से जेल अपील हुआ है अथवा नहीं की भी जानकारी लिया। साथ ही स्वच्छता एवं पर्यावरण पर विशेष ध्यान देने पर बल दिए साथ ही बन्दियों के लिये उपलब्ध शौचालयो एवं जेल नालियों के साफ-सफाई की व्यवस्था एवं दौरान निरीक्षण बन्दियों को मिलने वाले तैयार भोजन की गुणवत्ता एवं दवा इलाज पर विशेष ध्यान दिये जाने के लिए प्रभारी जेल अधीक्षक एवं जेल के डाक्टर को निर्देशित किया। किशोर बैरक में निरूद्ध बालकों को शिक्षा व खेल कूद से सम्बन्धित सामग्री तथा शिक्षा परक एवं रोजगार परक शिविरों का आयोजन कराकर उन्हें प्रशिक्षित किया जाए। महिला बैरक में निरुद्ध महिला बन्दियों से व्यक्तिगत तौर पर सम्पर्क कर उनके समस्याओं को सूने और महिला जेल वार्डन को निर्देशित किया कि महिला बन्दियों की कोई भी समस्या हो तो अविलम्ब जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को सूचित करें। साथ ही विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण, शुद्ध पेयजल एवं शुद्ध जलवायु विषय पर ग्राम पिपराडाड़ फॉर्म हाउस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव लाल बाबू यादव एवं उद्यान अधिकारी मेवा राम के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता शिविर में वृक्षारोपण एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया।

# नहीं हो सकता बिना जन सहयोग के पर्यावरण संरक्षण : डीएम

**दो टूक**

**डीएम ने कहा, बिजली एवं पानी बचाना भी है प्रकृति संरक्षण**

**अकेले सरकार नहीं कर सकती काम**

**हवा, जल, नदी और तालाब हैं जीवन दाता : एडीएम वित्त**

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने पर्यावरण संरक्षण के आम जनता की सहभागिता आवश्यक बताया। कहा कि अगर कही रोपित पौधा सूख रहा है तो उसमें पानी डाल कर उसे जीवन दिया जा सकता हैं। भावी पीढ़ी के लिए प्रकृति को बचाये रखने के लिए फालतू बिजली और पानी का प्रयोग न करके भी प्रकृति की रक्षा की जा सकती हैं। एडीएम वित्त एवं राजस्व शिव प्रताप शुक्ल ने दिवस पर कलेक्ट्रेट सभागार में पर्यावरण के संरक्षण और उसके संवर्धन के लिए शपथ दिलाया। श्री शुक्ल ने कहा कि प्रकृति द्वारा निःशुल्क जंगल, पहाड़, नदी, तालाब, हवा और पानी मिला है। सबकी अपनी उपयोगिता हैं। किसी की अनदेखी कर पूर्णता को नहीं प्राप्त कर सकते। हवा,जल, नदी और तालाब जीवन दाता है। इनके संरक्षित रखने की जिम्मेदारी हम सबकी हैं। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने पर दिया बल। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने कहा कि जीवन में छोटी-छोटी बातें भी पर्यावरण संरक्षण में सहायक होती हैं। बिजली के उपकरण का जरूरत न होने पर बंद कर देना और अनावश्यक पानी को न बहाना भी पर्यावरण संरक्षण किस श्रेणी में आता है।

कहा कि केवल पेड़ लगाने से ही पुणे पर्यावरण संरक्षण नहीं होता। हम अपनी आदतों में सुधार करके भी प्रकृति का संरक्षण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को संरक्षित रखना है सभ्य नागरिक की जिम्मेदारी है। सरकार अकेले पेड़ लगाकर प्रकृति को संरक्षित नहीं रख सकती। हम सबको अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए। वन, नदी, तालाब आदि को बचाने का आज के दिन संकल्प लेना चाहिए कि हम भावी पीढ़ी के लिए पर्यावरण संरक्षण अपने जीवन का एक अहम लक्ष्य बना कर अपने कर्तव्य का पालन है करें। इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट विनय सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट में शपथ दिलाते एडीएम वित्त



वृक्षारोपण करते डायरेक्टर व अन्य

## वृक्षारोपण के लिए कप्तान ने दिलाई मातहतों को शपथ

**मीरजापुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा पुलिस लाइन में पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगण को को धरती को हरा-भरा बनाने एवं भावी पीढ़ियों को प्रदूषण मुक्त और सुरक्षित जीवन प्रदान करने हेतु पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ दिलायी गयी। तदोपरान्त पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन परिसर में वृक्षारोपण कर पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगण सहित आम जनमानस को अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण के संरक्षण हेतु प्रेरित किया गया। इसी क्रम में जनपद के सभी थानों, कार्यालयों व पुलिस चौकियों पर पुलिस अधिकारीगण द्वारा पुलिसकर्मियों को पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ दिलाते हुए वृक्षारोपण किया गया। पुलिस लाइन में शपथ एवं वृक्षारोपण के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर-परमानन्द कुशवाहा, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन-रामदुलार यादव सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## पर्यावरण संतुलन बनाए रखने हेतु सदैव करें वृक्षारोपण : डायरेक्टर

**वृक्षारोपण कर दिया पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश**

**अदलहाट।** क्षेत्र के विद्या संस्कार पब्लिक स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 100 विभिन्न पौधों का वृक्षारोपण कर पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। विद्यालय के चेयरमैन डॉक्टर नागेंद्र प्रसाद द्विवेदी ने विद्यालय में आम के वृक्ष लगाया और कहा कि वर्तमान परिपेक्ष्य में बढ़ते हुए प्रदूषण, भूमिगत जल संसाधन की कमी, पक्षियों की घटती संख्या और वायु में ऑक्सीजन का अनुपात घटने जैसी समस्याएं जोकि पर्यावरण असंतुलित कर रही हैं, इसका एक ही निदान है और वह है वृक्षारोपण। कहा कि इस वक्त विद्यालय में लगभग 3000 पौधे है जिनमें से कई वर्षों का रूप लेकर फल भी दे रहे हैं। विद्यालय की डायरेक्टर सुश्री सौम्या द्विवेदी ने भी वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी को पर्यावरण दिवस की महत्ता समझने को कहा। विद्यालय की प्रधानाचार्या शैल तिवारी ने बताया कि विद्यालय में पर्यावरण संतुलन बनाए रखने हेतु सदैव ही बच्चों को जागरूक किया जाता है और बच्चों से विद्यालय और घर में वृक्षारोपण भी करवाया जाता है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं को ऑनलाइन विभिन्न एक्टिविटीज जैसे कि पौधारोपण, पेंटिंग, निबंध, कविता लेखन, कहानी लेखन इत्यादि करवाई गई जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर अच्युतानंद दुबे, सुजीत उपाध्याय, अवधेश सिंह, धर्मेंद्र कुमार, ममता, शिवांश द्विवेदी, नीतू द्विवेदी इत्यादि उपस्थित रहे।

# संक्षेप

## खिलाड़ियों के समर्थन में उतरी भाकपा माले



**मीरजापुर।** अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजनों में पदक जीतकर देश का नाम रोशन करने वाली एक नाबालिग सहित कई महिला पहलवानों ने भारतीय जनता पार्टी के सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न के संगीत आरोप लगाए हैं जिसको लेकर 23 अप्रैल 2023 दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना दे रही है। जिसको लेकर भाकपा माले के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया। ज्ञापन देकर भाकपा माले के कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार महिला पहलवानों को दिल्ली के जंतर मंतर पर अपने धरना जारी रखने की अनुमति देने, महिला पहलवानों के साथ क्रूरता के लिए जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। बृजभूषण शरण सिंह को गिरफ्तार कर तेजी से चार्जशीट दाखिल करने और अभियोजन के लिए उनकी हिरासत में पूछताछ की जाए। महिला पहलवानों पर लगाए गए केस रद्द किये जाने की मांग किया है। ज्ञापन देने वालों में जीरा भारती जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय खेत व ग्रामीण मजदूर सभा, राम प्यारे भारती जिला सचिव भाकपा माले व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर गोष्ठी का आयोजन कर किया पौधरोपण

**हलिया।** स्थानीय दिघिया रेंज परिसर में सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वनक्षेत्राधिकारी रामनारायण जैसल ने पर्यावरण संरक्षण के लिए ग्रामीणों के साथ गोष्ठी का आयोजन कर ग्रामीणों को जागरूक किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए वनक्षेत्राधिकारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हम लोगों की नैतिक जिम्मेदारी है कि पेड़ों की सुरक्षा करें तथा अधिक से अधिक पौधरोपण कर पौधों को तैयार करें। श्रवण कुमार संत ने कहा कि 5 जून 1972 से विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जा रहा है। समाज को इसके प्रति चैतन्य होने की जरूरत है पौधरोपण कर पौधों के संरक्षण करने की आवश्यकता है जिससे पर्यावरण को संरक्षित किया जा सके। गोष्ठी के पूर्व रेंज परिसर में फलदार आम, जामुन, आंवला, नीम, करंज सहित अन्य कई प्रजातियों के पौधों को रोपित किया। जिसमें महिलाओं ने भी पौध रोपण में सहभागिता निभाया इसके बाद पर्यावरण संरक्षण के लिए रेंज परिसर में साफ सफाई अभियान चलाते हुए प्लास्टिक कचरा आदि को साफ किया गया। इसी प्रकार थाना परिसर में थानाध्यक्ष विष्णु प्रभा सिंह ने भी पुलिसकर्मियों के साथ पौधरोपण कर पार्यावरण संरक्षण करने के लिए शपथ दिलाई है। ब्लाक मुख्यालय पर बीडीओ कुलदीप कुमार ने अपने मातहतों के साथ पौधरोपण किया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में चिकित्सक अभिषेक जैसवाल व डाक्टर विवेक खरे ने स्वास्थ्य कर्मियों के साथ पौधरोपण किया है।

## भारत विकास परिषद शाखा नरायनपुर ने किया वृक्षारोपण

**अदलहाट।** भारत विकास परिषद नरायनपुर द्वारा सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम कोलउन्द स्थित श्री शिव मंदिर के परिसर में वृक्षारोपड़ का कार्य किया गया जिसमें बेल, पीपल, कनेर, मौसरी तथा तुलसी के पौधे रोपे गये। प्रकल्प प्रमुख डा. आरसी केशरी ने पहला फावड़ा चलाकर वृक्षारोपण का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राकेश सिंह, अध्यक्ष डा शिवबली सिंह, सचिव ओम प्रकाश सिंह, कोषाध्यक्ष तुलसीदास गुप्ता आदि तमाम लोग उपस्थित रहें।

## कन्या जन्मोत्सव का किया गया आयोजन

**मीरजापुर।** बाल पोषण केंद्र में जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी की अध्यक्षता में शासन के मंशानुरूप व जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के निर्देश के क्रम में सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में कन्या जन्मोत्सव एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चियों एवं उनके अभिभावकों के साथ केक काटा गया और सभी को फल का वितरण किया गया। साथ ही अभिभावकों को बच्चियों के जन्म पर एक वृक्ष उपहार स्वरूप देकर यह संदेश दिया कि जैसे जैसे एक वृक्ष का लालन पालन करेंगे, उसी प्रकार अपनी बिटिया का लालन पालन कर उसका जीवन रोशन करें। एक स्वस्थ वृक्ष एक स्वस्थ बिटिया की पहचान बनेगा। जैसे एक वृक्ष पर्यावरण को शुद्ध वातावरण प्रदान करता है, उसी तरह एक स्वस्थ, शिक्षित बिटिया एक खुशहाल परिवार के निर्माण में सहयोग करेगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा सभी को विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बच्चियों का कन्या सुमंगला योजनान्तर्गत आवेदन कराने को कहा गया। महिला कल्याण अधिकारी द्वारा कार्यक्रम का संचालन करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई।

## नाबालिग को भगाने व दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल

**मीरजापुर।** बीते 15 मई को थाना चुनार क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति द्वारा नामजद आरोपी के विरूद्ध अपनी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई थी। जिसके आधार पर थाना कोतवाली देहात पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना प्रारम्भ की गई । पुलिस अधीक्षक द्वारा नाबालिग के साथ हुई उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए आरोपी की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु क्षेत्राधिकारी चुनार व प्रभारी निरीक्षक चुनार को निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के क्रम में सोमवार को वरिष्ठ उपनिरीक्षक संजीत बहादुर सिहं मय पुलिस बल द्वारा थाना चुनार पर पंजीकृत मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित बाल अपचारी को जेल भेजा गया।

## कच्चे मकान में लगी आग से गृहस्थी का सामान जलकर राख

**जिगना।** विंध्याचल थाना अंतर्गत ग्राम सौनहा में तारा चंद बिन्द के घर सोमवार की दोपहर कच्चे मकान में आग लग जाने से गृहस्थी का सामान जलकर नष्ट हो गया। मकान में रखा 5 कुंतल गेहूं, 2 कुंतल रहर, एक कुंतल चावल और कुछ रुपए जलकर नष्ट हो गया। परिजनों का कहना है कि आग कैसे लगी समझ में नहीं आ रहा है। लोगों का कहना था कि देखते ही देखते आग बहुत ही विकराल रूप बना लिया था। जिसमें जामुन और आम के वृक्ष भी जल गए। सैकड़ों लोगों ने आग को बुझाने में काफी मदद किया तब जाकर कहीं आग पर काबू पाया गया। घर जल जाने से परिवार बेघर हो गया।

## तीन के खिलाफ एससी-एसटी व मारपीट का मुकदमा दर्ज

**हलिया।** हलिया क्षेत्र के खरिहट खुर्द गांव निवासी रामलाल कोल ने दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि रविवार की शाम घर से रतेह चौराहा जा रहा था कि सेमरा गांव में साइड को लेकर गलरा गांव निवासी रूस्तम व अशलम तथा ऊंटी गांव निवासी पुनीत सिंह ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज देते हुए मारपीट की जिससे सिर में गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों के खिलाफ गाली गलौज मारपीट व एससी-एसटी का मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल में जुट गई है। थानाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर तीन के खिलाफ मारपीट व एससी-एसटी का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## ओवरटेकिंग में ट्रक से पिकप की हुई टक्कर

**लालगंज।** बरौंधा चौकी क्षेत्र के रिलायंस पेट्रोल पंप के पास नेशनल हाई-वे पर ट्रक और पिकप के टक्कर में पिकप चालक आकाश 32 निवासी कोरांव प्रयागराज घायल हो गया। जानकारी के अनुसार ट्रक और पिकप दोनों मीरजापुर की ओर जा रहे थे। रिलायंस पेट्रोल पंप के पास दो बजे के करीब ट्रक से ओवरटेक करते समय पिकप ट्रक के पीछे जा भिड़ा जिससे पिकप चालक गंभीर से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर बरौंधा चौकी के हेड कांस्टेबल विजय भान सिंह मौके पर पहुंचकर एंबुलेंस लालगंज सी एच सी भेजवाया। टक्कर के बाद ट्रक चालक भाग निकला।

## श्री बृजराज आदर्श इंटर के प्रबंधकीय चुनाव का परिणाम घोषित

**देर रात तक चली वोटों की गिनती के बाद बृजेश कुमार सिंह उर्फ बीके ने मारी बाजी**

**राजगढ़।** राजगढ़ क्षेत्र के श्री बृजराज आदर्श इण्टर कालेज में प्रबंध समिति का चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। मतदाताओं की भारी संख्या एवं भीड़ ने चिलचिलाती धूप व गर्मी में भी खूब बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस दौरान 2396 मतदाताओं के सापेक्ष 1887 मतदाताओं ने वोट डाले। ज्ञात हो कि प्रबंध समिति के चुनाव को लेकर दो पक्षों के बीच महीने भर से जोड़ तोड़ की राजनीति चल रही थी। वहीं दोनों पक्षों ने अपने अपने विचारों को मतदाताओं के बीच रखा जिसके बाद मतदाताओं ने उनके भाग्य का फैसला रविवार को सुनाया। जहां प्रबंध संचालक कौशल प्रताप सिंह एवं प्रेक्षक सुरेश कुमार ने बृजेश कुमार सिंह उर्फ बीके को प्रबंधक पद हेतु निर्वाचित घोषित किया। वहीं उनके प्रतिद्वंद्वी विरेन्द्र कुमार सिंह उर्फ बच्चा को हार का सामना करना पड़ा। ओमप्रकाश सिंह अध्यक्ष, दीपक कुमार सिंह उपप्रबंधक, रविशंकर सिंह कोषाध्यक्ष, तथा हरिशंकर सिंह उपाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित किए गए। सभी निर्वाचित प्रबंध समिति को चुनाव प्रेक्षकों ने जीत की शुभकामनाएं देते हुए प्रमाण-पत्र सौंपा। क्षेत्रीय लोगों ने सभी नव निर्वाचित प्रबंध समिति को हार्दिक बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

# पर्यावरण दिवस : रोपे गए पौधे, संरक्षण की ली गयी शपथ

**अवसर**

## विभिन्न स्थानों पर आयोजित हुए कार्यक्रम बताया गया वृक्ष का महत्व

**जनसंदेश न्यूज**

**सोनभद्र।** जिले में विश्व पर्यावरण दिवस पर सोमवार को विभिन्न संगठनों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों, जनप्रतिनिधियों समेत तमाम लोगों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान हजारों पौधे रोपते हुए धरती को हरा भरा रखने की शपथ ली गयी। इस क्रम में पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह द्वारा पुलिस लाइन्स चुर्क में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अधिकारी/कर्मचारीगण को पर्यावरण की रक्षा एवं संरक्षण हेतु शपथ दिलायी गयी तथा समस्त क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारी द्वारा भी अपने-अपने नियुक्त स्थानों पर वृक्षारोपण कर सामूहिक शपथ दिलायी गयी। इस दौरान पर्यावरण के सम्बन्ध में लोगों को जागरुक किया गया। एसपी ने पर्यावरण की महत्ता के सम्बन्ध में बताया कि मानव जीवन में स्वास्थ और हरित पर्यावरण के महत्व के बारे में वैश्विक जागरुकता फैलाने के लिये प्रतिवर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है।

पर्यावरण की सुरक्षा करने की जिम्मेदारी प्रत्येक व्यक्ति की है। ऐसे में हमारा दायित्व और बढ़ जाता है कि हम जंगलों व पेड़ों के कटने से बढ़ने वाली ग्लोबल वार्मिंग के दुष्प्रभाव से बचने हेतु इस दिशा में ठोस कदम उठाते हुए पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दें। सभी को चाहिए कि हमारे प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा के लिए और इसे सामान्य रूप से सुरक्षित रखने के लिए एक साथ शपथ लेनी चाहिए जिससे हमारा आने वाला कल सुरक्षित हो सके।

इसी तरह नगर पालिका परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विधायक सदर भूपेश चौबे ने वार्ड सभासदों की उपस्थिति में लाइफ प्रतिज्ञा एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम कराया। करमा संवाददाता के अनुसार-युवक मंगल दल के कार्यकर्ताओं द्वारा ब्लाक के करकोली ग्राम पंचायत के राजस्व गांव महुअरीया स्थित पंचायत भवन पर विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उपजिलाधिकारी घोरावल रमेश कुमार की उपस्थिति में 11 फलदार व छायादार वृक्ष लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। मुख्य अतिथि एसडीएम ने बताया कि वृक्षारोपण करना बड़ी बात नहीं है लगाये गये वृक्षों का संरक्षण कर पाना बड़ी बात है। उन्होंने बताया कि वृक्षों से हमें सिर्फ फल ही नहीं अपितु आक्सीजन, छाया और लकड़ी भी प्राप्त होता है। पृथ्वी पर जितना अधिक वृक्षारोपण होगा, उतना अधिक मानसून बनेगा और अच्छी वर्षा होगी। विशिष्ट अतिथि प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि वर्तमान समय की स्थिति को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में निवास कर रहे किसानों को भी पर्यावरण संरक्षण के लिए यह संकल्प लेना चाहिए कि अपने खेतों में कम से कम पाँच पौधों की रोपाई कर उसका संरक्षण करें। मनोज कुमार दीक्षित ने बताया कि चारो तहसील क्षेत्रों के अंतर्गत ग्राम पंचायतों का चयन कर वृक्षारोपण करवाया जायेगा। जिसका शुभारम्भ महुअरिया से किया गया। सभी वृक्षों पर युवक मंगल दल के कार्यकर्ताओं का नेम प्लेट लगाकर पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है।

पौधों की देख रेख के लिए वालिंटीयर नियुक्त किये गये। इस मौके पर अर्जुन शर्मा, अजहरुद्दीन, प्रमोद सिंह, विजेंद्र पटेल, मधुसूदन, बीबी लाल मौजूद रहे। चोपन संवाददाता के अनुसार-विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर नगर को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली ने सभासदों की मौजूदगी में छठ घाट पर वृहद पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि हर नागरिक को चाहिए कि अपने-अपने निवास स्थान पर जहां भी जगह खाली मिले एक पौधे को जरूर लगाना चाहिए।

वृक्ष हमेशा जीवन के संतुलन को बनाए रखता है। वृक्ष से ही हमें ऑक्सीजन प्राप्त होता है जो हर जीवन को जीने के लिए जरूरी है। कहा कि प्रकृति के प्रति सकारात्मक रवैये को लेकर सभी को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने एवं वातावरण के लिए पॉलीथिन के प्रयोग न करने के लिए लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है।

ईओ महेन्द्र सिंह ने अपील करते हुए कहा कि नगर के प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पौधरोपण जरूर करे, जिससे आने वाली पीढ़ी का जीवन खुशहाल बन सके और हमारा नगर प्रदूषण मुक्त हो सके। इस मौके पर संतोष शाहनी, दयाशंकर निषाद, फूलचंद चौधरी, विजय साहनी, राजनारायण साहनी, नागेश्वर गौड़, रामपरीखा विश्वकर्मा, सलीम कुरैशी, सुशील कुमार, नरेश यादव, रिजवान अहमद, अंकित पांडेय, मनोज शुक्ला, विकास साव आदि मौजूद रहे। बभनी संवाददाता के अनुसार-वन क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सड़क टोला अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के प्रांगण में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन व पौधरोपण किया गया। इस दौरान आदिवासियों ने कर्मा नृत्य की थाप पर थिरकते हुए लोगों से पौध रोपण करने की अपील किया। मुख्य अतिथि प्रधान गायत्री देवी रही। सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद आम का पौधा विद्यालय प्रांगण में रोपण किया गया। कर्मा नृत्य कलाकारों ने सबको आकर्षित कर लिया। इस दौरान लोगों से पौधरोपण और उसे बचाने की शपथ भी दिलाई गयी।

वन क्षेत्राधिकारी अवधनारायण मिश्रा एवं प्रधान ने पौधरोपण किया। इस मौके पर अभिषेक गुप्ता, ठेगुराम, मुकुंद लाल मिश्रा, अखिलेश, सुरेन्द्र, रामगोपाल दूबे, नन्दू खरवार समेत तमाम लोग उपस्थित रहे। दुद्धी संवाददाता के अनुसार-विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पंचायत चेयरमैन कमलेश मोहन ने भाजपा कार्यकर्ताओं संग बस स्टैंड स्थित वन विभाग के डाक बंगले में पौधरोपण किया। इस मौके पर रेंजर संजय कुमार श्रीवास्तव, कृष्णकांत, रामेश्वर प्रसाद राय, मनोज सिंह, संजीव तिवारी, जितेन्द्र कुमार चन्द्रवंशी, सुमित सोनी, मनीष कुमार जायसवाल, सुरेंद्र प्रसाद, कन्हैया लाल, अनिल सिंह, जगदीश प्रसाद, माधोराम, चंद्रशेखर पटेल, शंभूनाथ मौजूद रहे।



पुलिसकर्मियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाते एसपी



सभासदों के साथ नपा परिसर में लाइफ प्रतिज्ञा की शपथ लेते सदर विधायक भूपेश चौबे



पौधरोपण करते एसडीएम व अन्य

### लैंको में विश्व पर्यावरण दिवस पर किया गया पौधरोपण

**अनपरा।** विश्व पर्यावरण दिवस/सप्ताह के उपलक्ष्य में एमईआईएल. की सहायक कम्पनी लैंको पावर लिमिअेड में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। इसी क्रम में सप्ताह की शुरूआत में वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। लैंको के स्टेशन हेड आनन्द कुमार सिंह द्वारा वृक्षारोपण कर विश्व पर्यावरण सप्ताह की शुरूआत की गई। इस दौरान उन्होंने औद्योगीकरण के कारण पृथ्वी के इकोसिस्टम में हो रहे तेजी से बदलाव के प्रति चिंता जाहिर करते हुए सभी कर्मचारियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक होने का आवाहन किया। निदेशक संदीप गोस्वामी, अधिशासी निदेशक ओएण्डएम अरूण कपूर व कुलदीप, महाप्रबन्धक एसडी सिंह, कारखाना प्रबन्धक एसके द्विवेदी व सभी विभागाध्यक्षों द्वारा वृक्षारोपण कर पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। वहीं एचएसई विभाग के हिमान्शु वर्मा ने पर्यावरण के क्षेत्र में लैंको द्वारा किये जा रहे प्रयासों के बारे में बताया कि लैंको सभी पर्यावरणीय सहमति और पर्यावरण लाइसेंस को धारित करता है। अंत में कर्मचारियों को प्लास्टिक के प्रयोग बंद करने की शपथ दिलाई गई।




पौधरोपण करते लैंको के अधिकारी

## हिण्डाल्को में पर्यावरण प्रदूषण मुक्ति का लिया गया संकल्प

**जनसंदेश न्यूज**

**रेणुकूट।** हिण्डाल्को में विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रकृति को हरा-भरा एवं प्रदूषण मुक्त रखने के संकल्प के साथ पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत चाचा कॉलोनी स्थित भगवान अवधूत राम आश्रम परिसर में अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा वृहद स्तर पर सैकड़ों पौधे लगाकर प्रकृति को हरा-भरा रखने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं अल्युमिना विभाग के प्रमुख एन. एन. रॉय, रिडक्शन प्लांट हेड जे.पी. नायक ने कार्बन-डाई-ऑक्साइड उत्सर्जन को कम करने व प्राकृतिक संपदा के उपयोग के दौरान पर्यावरण संतुलन बनाए रखने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक प्रयोग न करने की नसीहत दी। विश्व पर्यावरण दिवस की थीम बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन है, जिसके तहत आयोजित कार्यक्रम में हिण्डाल्को पर्यावरण विभाग के प्रमुख मुकेश मित्तल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए पर्यावरण दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। एन. एन. रॉय ने पिछले वर्ष संस्थान द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर किए गए प्रयासों की व्यापक चर्चा की। उन्होंने प्लांट से लेकर कॉलोनी में पौधरोपण को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा देने के लिए सभी से सहयोग और सुझाव की अपील की। जे.पी. नायक ने सिंगल यूज प्लास्टिक को प्रयोग में न लेने की सलाह दी। पर्यावरण विभाग अविनेश चौहान ने पर्यावरण संरक्षण हेतु हरित शपथ दिलाई। अनिल कुमार सिंह द्वारा हिण्डाल्को के प्रबंध निदेशक सतीश पाई द्वारा प्रेषित पर्यावरण संदेश को पढ़कर सुनाया। इस दौरान प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली की थीम सिंगल यूज प्लास्टिक को कम करना, ऊर्जा संरक्षण, पानी बचाओ, शाश्वत खाद्य प्राणाली को अपनाना, कचरे को कम करना, स्वस्थ जीवनशैली अपनाना और ई-कचरे को कम करना से भी अवगत कराया। इसी क्रम में पॉलिथीन का बहिष्कार करने हेतु जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से कपड़े के झोले भी वितरित किये गए। वरिष्ठ अधिकारी राजीव झुनझुनवाला, संजीव गुप्ता, यशवंत कुमार, अनुनय कुमार, महेन्द्र तिवारी के साथ बड़ी संख्या में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने वृक्षारोपण किया।



पर्यावरण दिवस पर महिलाओं को बंटा कपड़े का झोला

### मंत्री को ट्वीट कर प्रदूषण की समस्या पर जताई चिंता

**सोनभद्र।** भारत सरकार के पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को ट्वीट कर आल इंडिया पीपुल्स फ्रंट ने जनपद में प्रदूषण की गंभीर समस्या और पर्यावरण संकट पर चिंता जताते हुए अपील की है कि पर्यावरण दिवस के मौके पर सरकार सुप्रीम कोर्ट, एनजीटी व पर्यावरण मंत्रालय की गाइडलाइन को लागू कर पर्यावरण संरक्षण व लोगों की जिंदगी की हिफाजत सुनिश्चित करे। सेंचुरी जोन में अवैध खनन, रिहंद जलाशय के पानी और वायुमंडल के जहरीला होने संबंधी तमाम प्रकाशित खबरें भी पर्यावरण मंत्री को ट्वीट की गई हैं। दिनकर कपूर ने कहा कि यहां प्राकृतिक संसाधनों की बेइंतहा लूट पर्यावरण संकट व जानलेवा प्रदूषण की प्रमुख वजह है। सेंचुरी जोन तक में सोन नदी में अवैध खनन होता है, नदी के प्रवाह को अवरुद्ध किया जाता है, नदी के पेटे में जाकर भारी मशीनों से खनन कराया जा रहा है। एनजीटी के सख्त चेतावनी के बावजूद अभी तक औद्योगिक अपशिष्ट रिहंद जलाशय व रेणु नदी में प्रवाहित हो रहा है। जो ट्रीटमेंट प्लांट लगे भी हैं उनमें मरकरी, फ्लोराइड, शीशा जैसे जहरीले पदार्थों को प्रदूषित पानी से अलग करने की क्षमता होने की रिपोर्ट नहीं है। कहा कि प्रदेश सरकार स्थानीय लोगों की कोआपरेटिव बना कर खनन कराए तो न सिर्फ पर्यावरण संरक्षण संभव है, बल्कि बड़े पैमाने पर बेरोजगारों को रोजगार, आम नागरिकों को सस्ती खनन सामग्री भी मिल सकती है और प्राकृतिक संसाधनों की बेइंतहा लूट पर भी रोक लगेगी।

## सिंप्रमुवा ने नदियों का अस्तित्व बचाने के लिए किया अनशन



तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते लोग

**दिवस**

### पर्यावरण हित संबंधी पांच सूत्री मांग पत्र तहसीलदार को सौंपा

**जनसंदेश न्यूज**

**दुद्धी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सोमवार को कनहर नदी किनारे सिंगरौली प्रदूषण मुक्ति वाहिनी के बैनर तले समिति संयोजक रामेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में पर्यावरण कार्यकताओं ने कनहर नदी का अस्तित्व बचाने व नदी में अवैध खनन रोकने तथा इस अवैध खनन में शामिल लोंगो की एसआईटी जांच कराने की मांग को लेकर एक दिवसीय शांतिपूर्ण अनशन कर पर्यावरण हित संबंधी डीएम को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार ब्रजेश कुमार वर्मा को सौंपा। तहसीलदार ने उनकी मांगों को डीएम तक पहुंचाये जाने का आश्वासन दिया।

पर्यावरण प्रेमियों ने नदियों में लीज की आड़ में उससे हटकर गहराई तक खनन करने से नदी को लेकर चिंता जताई। इसको लेकर एसएआईटी का गठन कर जांच की मांग उठाई। कहा कि दक्षिणांचल में प्रदूषण की समस्या विचलित करने वाली हो गयी है। एनजीटी ने प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए कई निर्देश भी दिए। उसमें प्रदूषण प्रभावित क्षेत्रों में प्रदूषण की जांच के लिए टॉक्सिलोजिकल लैब निर्माण कराये जाने का आदेश है, लेकिन अभी तक इसका निर्माण भी नहीं कराया गया।

ज्ञापन में कनहर, ठेमा, पांगन समेत सभी नदियों में हो रहे अवैध खनन पर रोक लगाने, कनहर नदी में जो भी लीज है उसका सीमांकन कर पिलर लगाने, अवैध खनन में लिप्त लोगों के खिलाफ एसआईटी जांच कराने व दोषियों पर कार्यवाही की मांग किया। इस मौके पर रामेश्वर प्रसाद, दिनेश जायसवाल, जगत विश्वकर्मा, रमेश यादव, कमला, माया सिंह, दिनेश गुप्ता, प्रभु सिंह, दिनेश यादव, अरविंद जायसवाल, पीसी गुप्ता, दसई यादव, गंभीरा, रामरक्षा, मोतीलाल, रामनाथ समेत तमाम लोग मौजूद रहे। सुरक्षा की दृष्टि से सीओ दद्दन प्रसाद गोंड़, प्रभारी निरीक्षक सुभाष राय, अरविंद गुप्ता मय फोर्स के साथ तैनात रहे।

# खेत-तालाब योजना से पात्रों को किया जाये लाभान्वित: डीएम

**सोनभद्र।** जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति/जिला मिशन समिति की बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान डीएम ने भू-जल रिचार्ज, पशुओं हेतु पेयजल व सिंचाई की सुविधा सुनिश्चित कराने हेतु कृषकों के खेत में लघु तालाब निर्माण कार्यों की प्रगति के सम्बन्ध में भूमि संरक्षण अधिकारी से बिन्दुवार जानकारी प्राप्त की। भूमि संरक्षण अधिकारी ने बताया कि लघु तालाब के निर्माण की अनुमानित लागत 1 लाख 5 हजार एवं मध्यम तालाब की अनुमानित लागत 2.284 लाख है, जिनमें 50 प्रतिशत अंश कृषकों द्वारा एवं 50 प्रतिशत अंश राज्यांश सम्मिलित है, इन तालाबों के निर्माण कृषकों के निजी खेतों में मशीनरी द्वारा कराया जायेगा तथा अनुदान की धनराशि डीबीटी के माध्यम से उनके खातों में हस्तांतरित की जायेगी। भूमि संरक्षण इकाई राबर्ट्सगंज द्वारा 75 लघु तालाब व 11 मध्यम तालाब एवं भूमि संरक्षण इकाई चोपन द्वारा 36 लघु तालाब के निर्माण का प्रस्ताव प्राप्त हुआ।

दोनों इकाईयों द्वारा 111 लघु तालाब व 18 मध्यम तालाब का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इस दौरान डीएम ने कहा कि भू-जल रिचार्ज, पशुओं हेतु पेयजल तथा सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु खेत, तालाब योजना लागू की गयी है, इस योजना के माध्यम से वर्षा जल को अत्यधिक होने से अधिकांश जल बहकर नदी एवं नालों में चला जाता है तथा साथ ही साथ मृदा भी कटकर चली जाती है, जिससे उपजाऊ भूमि क्षरण अधिक होता है, इस वर्षा जल का अधिक से अधिक मात्रा में खेत तालाब के माध्यम से संचयन करके संचित जल से अधिक से अधिक सिंचाई करते हुए उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। इस योजना से पात्र कृषकों को लाभान्वित किया जाये व वित्तीय वर्ष-2022-23 हेतु संचालित समस्त योजनाओं का ससमय पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जाये। वहीं पं दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना द्वारा कराये जाने वाले कार्यों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की और सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पं दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना का प्रमुख उद्देश्य यह है कि लघु एवं सीमांत कृषकों की अनुपजाऊ/कम उपजाऊ भूमि को सुधार कर उसमें फसल के उत्पादन में वृद्धि किया जाना है। बीहड़ एवं बंजर भूमि में सुधार कर उसे फसल उत्पादन के लायक तैयार करना है। उन्होंने कहा कि बीहड़ एवं बंजर भूमि में सुधार करते हुए फसल के उत्पादन में वृद्धि लाने हेतु प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। इस मौके पर सीडीओ सौरभ गंगवार, डीके गुप्ता, अरूण पाण्डेय, डीपीआरओ विशाल सिंह, डीआईओ विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।



बैठक को संबोधित करते डीएम

### पिकअप और बाइक में टक्कर, एक की मौत

**बभनी।** थाना क्षेत्र के शीशटोला मगरमाड़ के जंगल में पिंकअप और बाइक की आमने सामने टक्कर में बाइक सवार चालक की मौत हो गई।मृतक अपनी बहन और मां के साथ छत्तीसगढ़ के रघुनाथ नगर में बारात में शामिल होने जा रहा था।घटना की सूचना पर उपनिरीक्षक मेराज खान मौके पर पहुंच कर घटना की जांच में जुट गए।सोमवार की सांय छ बजे छत्तीसगढ़ से बभनी की तरफ आ रही पिकअप और छत्तीसगढ़ जा रही मोटर साइकिल की आमने सामने टक्कर हो गई।जिसमें मोटरसाइकिल चालक 35 वर्षीय चन्द्रकेश पुत्र केवल की मौके पर मौत हो गई। वहीं उसकी मां 55 वर्षीय मानकुंवर पत्नी केवल और बहन 33 वर्षीय दुर्गा पत्नी सुरेश को मामुली चोट आई है जिनका उपचार निजी अस्पताल में कराया जा रहा है।मोटर साइकिल सवार बभनी थाना के भंवर गांव से छत्तीसगढ़ के रघुनाथ नगर बारात में शामिल होने जा रहे थे।पिकअप छत्तीसगढ़ से बभनी के महुअरिया की तरफ टेन्ट का सामान लेकर आ रही थी। टक्कर के बाद पिकअप पलट गई और पिकअप चालक घटना स्थल से मौका देख फरार हो गया।घटना की सूचना पर उपनिरीक्षक मेराज खान यह हमराही घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दुद्धी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी भेज दिया।

## चोरी की वारदात के बाद घरेलू सामानों को चोरों ने किया आग के हवाले



चोरों द्वारा जलाया गया सामान

**बभनी।** स्थानीय विकासखण्ड के भंवर गांव में चोरों ने चोरी की घटना के बाद घर के सामानों को आग के हवाले कर दिया। उस समय घर के लोग छत पर सो रहे थे। जब परिवार वालों की नींद खुली तो घर से धुआं निकल रहा था। इसके पहले भी पिछले सितंबर में संदिग्ध परिस्थितियों में घर में आग लगी थी, लोगों ने इसका कारण शार्ट सर्किट माना था।

बता दें कि भंवर गांव में सुशील चन्द गुप्ता के घर रविवार की रात चोरों ने घर का दरवाजा तोड़ कर चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद घर के सामानों को आग के हवाले कर दिया। उस समय घर के सभी लोग छत पर सो रहे थे। धुआं देख जब परिवार के लोगों की नीद खुली तो किसी प्रकार ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। अंदर जाकर देखा गया तो घर का सारा सामान बिखरा हुआ था। सुशील ने बताया कि बीते 13 सितम्बर को भी घर में आग लगी थी। रविवार की रात जब धुआं देखा तो भाग कर आग बुझाने लगा। इस दौरान देखा गया कि सामान बिखरा हुआ था और पीछे का दरवाजा भी टूटा हुआ था। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक मेराज व शशिमोहन राय ने घटना स्थल का जायजा लिया। एक वर्ष के अन्दर दो बार चोरी और आगजनी से परिवार के लोग भयभीत हैं।

**संक्षेप**

### दूसरे की झोपड़ी गिराए जाने के मामले में 26 पर दर्ज हुआ मुकदमा

**रेणुकूट।** चौकी क्षेत्र के शिवापार्क इलाके में बीते फरवरी महीने में प्रतिवादी के बजाय पड़ोसी का झोपड़ी गिराए जान के मामले में सीजेएम कोर्ट सोनभद्र के आदेश पर स्थानीय पुलिस ने पिपरी प्रभारी निरीक्षक, हिंडालको के सिक्योरिटी मैनेजर, अदालत अमीन सहित 26 लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद संबंधितों में हड़कंप मचा हुआ है। बीते दो फरवरी को अदालत के आदेश पर औद्योगिक संस्थान को डिक्री जमीन पर कब्जा दिलाने के लिए अदालत अमीन व इंस्पेक्टर पिपरी दल बल व जेसीबी के साथ मौके पर पहुंचे। जहां प्रतिवादी के बदले पड़ोसी बाबूलाल की झोपड़ी को कुछ ही मिनटों में जमींदोज कर दिया। पीड़ित टूट रहे अपने आशियाने को रोके जाने की फरियाद करता रहा लेकिन मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों ने एक न सुनी। जेसीबी चलता देख वहां दर्जनों लोग जुट गए जो गलत झोपड़ी तोड़े जाने का विरोध करने लगे। उपरोक्त घटना को लेकर पुलिस करीब 12 दिनों बाद अदालत की कार्रवाई में अवरोध किए जाने को लेकर चार नामजद सहित 50 अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया था। उधर बेघर हुए पीड़ित बाबूलाल ने पुलिस अधीक्षक सहित उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगाई। लेकिन उसे न्याय नहीं मिला। थक हार कर पीड़ित ने कार्रवाई के विरोध में सीजेएम की अदालत में वाद दायर किया। 23 मई को सीजेएम अचल प्रताप सिंह की अदालत ने पिपरी इंस्पेक्टर समेत करीब दो दर्जन लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर विधि अनुरूप विवेचना करने का आदेश दिया था। इस बारे में पुलिस क्षेत्राधिकारी पिपरी ने बताया कि इस मामले में पिपरी प्रभारी निरीक्षक सहित 26 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। संबंधित फाइल पुलिस अधीक्षक के पास गई है वही विवेचना अधिकारी नियुक्त करेंगे।

### ओडिसा रेल हादसे के मृतक परिजनों को भेजी मदद

**सोनभद्र।** ओडिसा ट्रेन हादसे को लेकर सोनभद्र में मदद की मुहिम शुरू हो गई है। सोमवार को सदर तहसील मुख्यालय से इस मुहिम का आगाज किया गया। तहसील भवन से शुरू हुई मुहिम की सदर एसडीएम शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने शुरूआत की। इस दौरान सदर एसडीएम के साथ तहसील के अधिकारियों, कर्मचारियों और अधिवक्ताओं ने मदद के लिए निर्धारित बाक्स में सहयोग राशि प्रदान किया। इससे पूर्व दो मिनट का मौन रखकर हादसे के शिकार हुए लोगों के आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान इस मौके पर तहसीलदार सुनील, प्रकाश गिरि, अखिलेश मिश्रा, रजिस्टार, अनिल श्रीवास्तव, जीता देवी, जरीना खातून मौजूद रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस: प्रकृति की रक्षा के लिए पौधरोपण जरूरी

जनसंदेश न्यूज

**डीडीयू नगर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पांच जून को नगर के विभिन्न संस्थाओं ने पर्यावरण को हरा भरा रखने के लिए जगह जगह पौधे लगाए और उन्हें संरक्षित रखने के लिए संकल्प लिया। विश्व पर्यावरण दिवस पर तरुमित्र सेवा समिति के द्वारा पौध रोपण एवम वितरण का कैलाशपुरी बेचूपुर पवन कयाल के घर के पास किया।कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष सोनू किन्नर व सलमा ने आम , अमरूद,तुलसी, व गोल्डमोहर के 150पेड़ का मुफ्त वितरण किया गया व तीन पेड़ ट्री गार्ड सहित लगाया गया। इस दौरान नरेन्द्र अरोड़ा, डॉक्टर बीके अग्रवाल, बीके सिंह, विनोद कुमार राठौर, कैप्टन राजेश सिंह, राजू सिंह,अरुण कुमार श्रीवास्तव, पवन अग्रवाल, इंद्रदेव गुप्ता, सतनाम सिंह, अनिल केशरी, प्रदीप सेठ , राजु सेठ, दिलीप गुप्ता कैलाश गुप्ता, संजय सिंह, राधेश्याम सिंह उपस्थित रहे।वहीं

छत्रधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय

शपथ दिलाई गई। प्रधानाध्यापक संजय यादव के नेतृत्व में सभी पेड़ पौधों को पानी दिया गया और उन की निराई गुड़ाई की गई।वही रोशनी पब्लिक स्कूल हरिशंकरपुर में रोशनी रिसोर्स रिसर्च सोसाइटी द्वारा आयोजित निशुल्क समर कैंप में विश्व पर्यावरण दिवस पे सोमवार को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए संस्था द्वारा एक रैली निकाली गई।

एनडीआरएफ के बचाव कर्मियों के द्वारा विभिन्न प्रकार के फलदार एवं छायादार पौधों को लगाया गया। इस ह्लवृहद पौधारोपण अभियानह्व एवं जागरुकता रैली में पर्यावरण संरक्षण हेतु एनडीआरएफ के बचाव कर्मियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।इस अवसर पर मनोज कुमार शर्मा, उपमहानिरीक्षक ने अपने संबोधन में बताया कि आज पूरे विश्व में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जा रहा है। विश्व पर्यावरण दिवस दुनिया का सबसे बड़ा वार्षिक आयोजन है और इसका मुख्य उद्देश्य हमारी प्रकृति की रक्षा के लिए जागरूकता को बढ़ाना है।

## अवसर

### विश्व पर्यावरण दिवस पर किए गए विविध आयोजन

दयालपुर सदलपुरा में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि लाल बहादुर शास्त्री पीजी कॉलेज मुगलसराय के भूगोल विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर संजय प्रताप सिंह और महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ अरुण कुमार सिंह के कर कमलों द्वारा महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया।

वही सुर सरिता संस्था द्वारा चलाये जा रहे निशुल्क 47 दिवसीय ग्रीम कालीन रंग कार्यशाला प्रशिक्षण शिविर में पर्यावरण दिवस पर चित्रकला पेंटिंग का आयोजन किया गया। उक्त शुभ अवसर पर दीपाली, काजल, गीता, दीपाली, श्रेया, पूजा, खुशी, किरन, प्रियंका, नीलम, आकांक्षा उपस्थित थी। वही विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्राथमिक विद्यालय पुरैनी पर बच्चों बड़ों को पर्यावरण सुरक्षा संबंधी

## पुलिस अफसरों ने पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

जनसंदेश न्यूज



पुलिस लाइन परिसर में पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते पुलिस अधिकारी

**चंदौली।** जनपद में स्वच्छ-सुरक्षित पर्यावरण हमारे पारिस्थितिकी तंत्र तथा जैव-विविधता को संतुलित व संरक्षित रखने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक चंदौली अंकुर अग्रवाल के निदेर्शानुसार में अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी एवं थानाप्रभारी द्वारा पुलिस लाइन के साथ ही सभी थाना व कार्यालय परिसर में सोमवार को विश्व पयावरण दिवस मनाया गया। इस दौरान पुलिस लाइन में मौजूद पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने पर्यावरण की रक्षा के लिए शपथ ली।

इस दौरान विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रकृति के प्रति अपने प्रेम को और सुदृढ़ करते हुए सभी जीव-जंतुओं के लिए इसके संरक्षण एवं संवर्धन हेतु संकल्प लें। यह दिन मानव और प्रकृति के बीच सामंजस्य और बढ़ाने के लिए प्रेरित करता है। प्रकृति के अनियंत्रित दोहन से पर्यावरण के साथ-साथ जीवन के लिए भी संकट उत्पन्न हो रहा है। एएसपी द्वारा संजीदगी से पर्यावरण को बचाने की दिशा में सभी को पर्यावरण सुरक्षा सम्बन्धी निर्देश देते हुये सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने, पर्यावरण के अनुकूल रिसाइकिल होने वाले मेटेरियल का प्रयोग करने, उपयोग न होने पर पानी की टंकी बन्द करने, तथा पुरानी किताबें, बर्तन, कपड़े आदि को पुनः प्रयोग लाये जाने सम्बन्धी निर्देश दिये। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक व पुलिस कर्मियों द्वारा मौजूद रहकर पौधरोपण किया गया।

### हृदयपुर में शिक्षकों ने पर्यावरण संरक्षण की ली शपथ




हृदयपुर कम्पोजिट विद्यालय में शपथ लेते शिक्षक।

**चहनियां।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कंपोजिट विद्यालय हृदयपुर में प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों ने पौधारोपण करते हुए पर्यावरण को सुरक्षित एवं संरक्षित करने की शपथ ली। शिक्षा निदेशक (बेसिक) लखनऊ के निर्देश पर 5 जून 2023 को मिशन लाइव थीम के अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस पर कम्पोजिट विद्यालय हृदयपुर में प्रधानाध्यापक वीरेंद्र सिंह यादव ने पीपल के पौधे एवं नीम के पौधों का रोपण किया, जिससे यह संदेश देने की कोशिश की गई। पौधों से हमारा जीवन है पौधे हमें ऑक्सीजन देते हैं जिससे हमारा जीवन सुचारू रूप से संचालित होता है तो हमारी भी जिम्मेदारी बनती है कि हम इन पौधों को लगाएं ताकि हम भी स्वस्थ रहें हमारा पर्यावरण स्वस्थ रहें और यह समाज स्वस्थ रहेगा, तभी देश आगे बढ़ेगा। आज पर्यावरण प्रदूषण की जो चुनौतियां पूरे विश्व में चिंता का विषय है। अवसर पर विद्यालय के शिक्षक नंद कुमार शर्मा, लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, विजय राज रवि सहित छात्र-छात्रा अभिषेक मौर्या, राहुल पाल, अमित मौर्या, रितेश कनौजिया, मोहिनी विश्वकर्मा, कविता, श्रद्धा, सीजा, समरीन, प्रीति, पूजा, मीनू सीनू अंशिका सहित बच्चे उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### दर्जनों लिंक मार्ग जर्जर, चलना हुआ दूभर



अमावल से चतुर्भुजपुर होकर जाने वाला मार्ग गड्ढे में तब्दील।

**सकलडीहा।** पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का दावा लम्बे समय से किया जा रहा है। लेकिन गांव की दर्जनों लिंक मार्ग आज भी अपने हालत पर आंसू बहा रहे है। ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी विभागीय अधिकारी से लेकर जनप्रतिनिधि मौन साधे हुए है। जिसे लेकर लोगों में आक्रोश पनपने लगा है। सकलडीहा तहसील मुख्यालय होने के बाद भी सकलडीहा ब्लॉक से तहसील जाने वाली मार्ग जर्जर और गड्ढा नुमा हो गया है। इसके अलावा अमावल से चतुर्भुजपुर जाने वाली मार्ग ओवर लोड बालू टैज्क्टरों के चलने से गड्ढे में तब्दील हो गया है। सकलडीहा कस्बा से रेलवे स्टेशन जानी वाली मार्ग जर्जर है। घरचित से तेनुवट और दरियापुर से घरचित आने वाली मार्ग खराब है। अमावल से मनियारपुर जाने वाली मार्ग जर्जर पड़ी है। तुलसी आश्रम से धीना जाने वाली मार्ग जगह जगह जर्जर है। बहरवानी स्कूल से पौरा जाने वाली मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त है। नरैना से जामडीह गांव में जाने वाली मार्ग क्षतिग्रस्त है। इसके अलावा सकलडीहा कस्बा की रंगवर्षा और सकलडीहा तेन्दुईपुर से ताजपुर रूपेठा मार्ग जर्जर है। खड़ेहरा जलालपुर और ईटवा से ओरवा व दिनदासपुर पंडुकपुर व ओरवा से इमिलाई मार्ग वर्षो से खराब पड़ी है। शिकायत और धरना प्रदर्शन के बाद भी विभागीय अधिकारी अनजान बने हुए है। गांव के गोपाल सिंह, राढ़ू यादव, सुभाष पांडेय आदि ने जिला प्रशासन व केन्द्रीय मंत्री व सांसद से लिंक मार्गो की मरम्मत की मांग किया है।

### मनरेगा में अवैध तरीके से काम कराने की शिकायत

**कंदवा।** बरहनी विकास खण्ड के डेढ़गांवा गांव की ग्राम प्रधान सुमन सिंह ने सोमवार को बीडीओ विकास सिंह को प्रार्थना पत्र देकर सुढ़ना ग्राम प्रधान द्वारा डेढ़गांवा ग्राम सभा के बगदेइया में अवैध रूप से मनरेगा के तहत कराए जाने वाले कार्य पर रोक लगाए जाने की मांग की। बीडीओ ने मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया है। खण्ड विकास अधिकारी बरहनी विकास सिंह को प्रार्थना पत्र देने वाली ग्राम डेढ़गांवा प्रधान सुमन सिंह का कहना है कि डेढ़गांवा गांव का गठन हुआ है। जिसमें ग्राम सभा डेढ़गांवा में राजस्व ग्राम डेढ़गांवा, गोसैसीपुर,टेकारी, हरनाटांड़,रासोपुर और बगदेइया सम्मिलित हैं। उसके बाद भी सुढ़ना ग्राम प्रधान द्वारा बार-बार ग्राम राजस्व मौजा बगदेइया में मनरेगा द्वारा अवैध रूप से कार्य कराया जा रहा है।जो विधि विरूद्ध है। जिस पर तत्काल रोक लगनी चाहिए।इस पर बीडीओ ने जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### असलहा तस्कर कट्टा कारतूस के साथ गिरफ्तार

**डीडीयू नगर।** आरपीएफ ने सोमवार को चेकिंग के दौरान स्थानीय रेलवे स्टेशन से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक देसी कट्टा व तीन जिंदा कारतूस मिले। पूछताछ में असलहों की तस्करी करने की बात स्वीकार की। मुकदमा दर्ज कर टीम जांच में जुट गई। आरपीएफ के उप निरीक्षक सुनील कुमार साथ आरक्षी कुंदन कुमार, आरक्षी संतोष कुमार चौहान स्थानीय स्टेशन पर अपराधिक गतिविधि की रोकथाम के लिए गश्त कर रहे थे। तभी प्लेटफार्म संख्या एक के हावड़ा छोर पर एक संदिग्ध व्यक्ति प्लेटफार्म पर इधर-उधर घूमते दिखाई दिया। संदेह होने पर रोककर उससे पूछताछ की तो वह कुछ भी बताने से इंकार करने लगा। जब उसके पिट्ठू बैग की तलाशी ली गई तो असलहा बरामद हुआ। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह असलहा व जिंदा कारतूस को सासाराम से जौनपुर गाड़ी बदल बदल कर लेकर जा रहा था ताकि पकड़ा ना जाए। साथ ही बताया कि इससे पूर्व भी उसने तीन बार यह काम कर चुका है। आरपीएफ के अनुसार गिरफ्तार व्यक्ति जौनपुर निवासी इंदर कुमार सोनकर है। आरपीएफ ने असलहा तस्कर व तीन जिन्दा को जीआरपी को सुपुर्द कर दिया, जहां उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया।

### पर्यावरण की रखवाली करना हम सभी का दायित्व प्राचार्य

**सकलडीहा।** विश्व पर्यावरण दिवस पर सरकारी संस्थान सहित अन्य संगठनों की ओर से पौध रोपण व वितरण कार्यक्रम किया गया। इस दौरान जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, सकलडीहा पीजी कॉलेज और नोनार में चक्रवती सम्राट अशोक जनकल्याण ट्रस्ट की ओर से पौध रोपण जागरूकता कार्यक्रम किया गया। अंत में पौध रोपण के लिये संकल्प दिलाया गया। डायट प्राचार्य डा. माया सिंह ने कहा कि जीवन के लिये पयार्वारण की रखवाली हम सभी का दायित्व है। वही सकलडीहा पीजी कॉलेज में प्राचार्य प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडेय ने कहा कि पर्यावरण के नष्ट होने से तमाम प्रकार की समस्या हो रही है। आज वैश्विक स्तर पर पर्यावरण के लिये जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके पूर्व नोनार में कोतवाल विमलेश कुमार मौर्य ने ग्रामीणों के साथ विश्व पर्यावरण दिवस पर एक हजार पौध रोपण के लिये विभिन्न प्रकार की छायादार पौधा वितरण किया गया। अंत में अशोक, नीम, अमरूद, आम, पीपल के पौधे के साथ ही बेला, चमेली, गुलदाऊदी, बोगनवेलिया, गुड़हल सहित सुगंधित पुष्प शिक्षण संस्थानों में लगाये गये। इस मौके पर शमीम राईन,जितेंद्र यादव ,वरिष्ठ प्रवक्ता प्रिया पांडेय, डॉ० रोशन कुमार सिंह, देवेन्द्र कुमार उपाध्याय, राजश्री सिंह, स्वाती सिंह, डॉ० बैजनाथ पांडेय, डॉ० जितेंद्र सिंह, डा. अम्बर सिंह मौर्य, ओमप्रकाश मौर्य, मिश्री राजभर सहित अन्य मौजूद रहे।रू

### दो आरोपियों के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई करने में जुटी पुलिस

**डीडीयू नगर।** मुगलसराय कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई करने में जुटी है। उनके संपति की जांच पड़ताल कर रही है। मुगलसराय कोतवाली पुलिस ने सूरज गिरी बाबा पंडित उर्फ अभय पंडित पुत्र मंगलागिरी निवासी टेडुआ,थाना अदलहट, मिजार्पुर विभिन्न धाराओं में निरुद्ध होने पर फरार चल रहा है। कोर्ट के आदेश पर धारा 82 के तहत नोटिस चस्पा व डुगडुगी बजाने के बाद भी हाजिर नहीं होने पर 83 के तहत कुर्की को लेकर पुलिस अभियुक्त के संपत्ति की जांच पड़ताल में जुटी है।मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के मन्सूर सलाम रोड बाल अपचारी शौकत उर्फ बग्गा पुत्र मोहम्मद कलाम को विभिन्न धाराओं में निरुद्ध होने पर फरार चल रहा है। कोर्ट के आदेश पर धारा 82 के तहत नोटिस चस्पा व डुगडुगी बजाने के बाद भी हाजिर नहीं होने पर 83 के तहत कुर्की को लेकर पुलिस अभियुक्त के संपत्ति की जांच पड़ताल में जुटी है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण कर लिया शपथ

जनसंदेश न्यूज



बगही कुंभापुर में पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेते वन विभाग के लोग व ग्रामीण।

**सैयदराजा/डीडीयू नगर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मिशन लाइफ के अंतर्गत विकास खण्ड बरहनी अंतर्गत ग्रामसभा बगहीं कुम्भापुर स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर में सोमवार को ग्राम प्रधान राकेश विश्वकर्मा की उपस्थिति में वृक्षारोपण करते हुए शपथ का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय वन अधिकारी चंदौली रेंज अमरनाथ सिंह, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी छविनाथ त्रिपाठी, मनीष राय, रवि कुमार सिंह, मनोज कुमार श्रीवास्तव, संजय कुमार वन दरोगा, देवकृष्ण तिवारी वन रक्षक, दिव्यांस, लबी सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

वही डीडीयू मंडल में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक राजेश गुप्ता द्वारा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर में पौधरोपण करते हुए पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूकता के लिए मंडल मुख्यालय स्थित यूरोपियन कॉलोनी में मंडल रेल प्रबंधक की अगुवाई में आज प्रातः स्काउट एवं गाइड सदस्यों व रेलकर्मियों द्वारा एक प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी के माध्यम से जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने, कचरा कम से कम करने, खाद्य पदार्थ बर्बाद न करने सहित स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के प्रति जागरूकता का प्रसार किया गया।

## डीआईओएस ने स्काउट-गाइड के साथ किया पौधरोपण



स्काउट-गाइड के साथ पौधरोपण करते डीआईओएस व अन्य।

**चंदौली।** जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर राष्ट्रीय एकता शिविर में प्रतिभाग करने वाली राज्य स्तर पर उपविजेता रही भारत स्काउट एवं गाइड टीम को डीआईओएस जयप्रकाश ने सम्मानित किया। जनपद की स्काउट एवं गाइड टीम ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में प्रतिभाग जनपद का नाम राष्ट्र स्तर पर रौशन किया है। इस मौके पर राष्ट्रीय एकता शिविर में प्रमुख रूप से सैय्यद अली अंसारी, अनिल, गुड़िया, जुली, आकांक्षा, रिया, अनुष्का, उजाला, कंचन, अनिकेत, संजय, प्रदुमन आदि स्काउट गाइड व रोवर रेंजर ने प्रतिभाग किया था।

सम्मान समारोह में वीरेंद्र कुमार सिंह, सत्यमूर्ति ओझा, अंजू कुमारी, आदि उपस्थित रहे। संचालन जिला संगठन आयुक्त स्काउट सैय्यद अली अंसारी ने किया। दूसरी ओर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में जिला विद्यालय निरीक्षक चंदौली जयप्रकाश के नेतृत्व में भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद चंदौली स्काउट गाइड के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर जिला विद्यालय चंदौली ने सभी स्काउट गाइड एवं उपस्थित कर्मचारियों को विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं दी तथा शपथ ग्रहण भी कराया उन्होंने कहा कि पर्यावरण को सुखद समृद्ध बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण करना अति आवश्यक है वृक्ष ही पर्यावरण को शुद्ध करने महत्वपूर्ण घटक है इस अवसर पर जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज चंदौली मे भी वृक्षारोपण का कार्य प्रधानाचार्य रीता रानी एवं अंजू कुमारी ने किया किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में वीरेंद्र कुमार सिंह, सत्यमूर्ति ओझा उपस्थित रहे। संचालन सैयद अली अंसारी किया।

## कंदवा इलाके में जंगली जानवर दिखने से दहशत में ग्रामीण

**कंदवा।** कर्मनाशा नदी के तट पर बसे ओयरचक गांव के बाहर पेड पर जंगली जानवर दिखाई देने से लोगों मे दहशत है। दिन का चैन व रातों की नींद गायब हो गई है। हालांकि वन विभाग की टीम रेस्क्यू अभियान चलाते हुए वन्य जीव को पकड़ने की जुगत मे है लेकिन जंगली जानवर अभी भी लोगों की पकड से दूर है। गौरतलब है कि रविवार की सुबह ओयरचक गांव के बाहर बेल के पेड पर एक जंगली जानवर दिखाई दिया।

गांव के कुछ नवयुवकों द्वारा हिम्मत दिखाते हुए मोबाइल मे जानवर की तस्वीर भी कैद कर ली गई। तेंदुआ होने की आशंका व्यक्त करते हुए सूचना स्थानीय प्रशासन सहित वन विभाग को दी गई।सूचना पर मौके पर पहुंची टीम द्वारा घंटो रेस्क्यू अभियान भी चलाया गया लेकिन. जंगली जानवर चंगुल मे नहीं आ पाया। एक बार पुनः गांव के बाहर जंगली जानवर के होने की सूचना पर सोमवार को भी वन विभाग की टीम हलकान रही। क्षेत्रीय वन अधिकारी अमरनाथ सिंह के नेतृत्व मे वन कर्मियों द्वारा घंटो रेस्क्यू अभियान चलाया गया। कर्मनाशा के तटवर्ती इलाके के झाड़ झंखाड़ जंगल की खाक छानने के बाद भी वन विभाग के हाथ खाली ही रह गए जंगली जानवर लोगों की पकड़ से अभी भी दूर है। एहतियातन गांव मे वन कर्मियों की ड्यूटी लगी दी गई है। इस दौरान वन अधिकारी ने बताया कि गांव मे दिखाई देने वाला जानवर फिशिंग कैट है जो मछलियों की तलाश मे नदी के तटवर्ती इलाके मे रहता है।बताया कि विलुप्त प्राय जीव है बिहार के जंगल से भटक कर आने की संभावना व्यक्त की गई।इस दौरान उप वन क्षेत्राधिकारी पी एन त्रिपाठी, वन दरोगा मनोज श्रीवास्तव, रवि सिंह ,ग्राम प्रधान जयशंकर सिंह,धनंजय उपाध्याय सहित अन्य मौजूद रहे।

## मैजिक ने दो छात्र को मारी टक्कर, एक की मौत

जनसंदेश न्यूज



अनियंत्रित मैजिक के धक्के से क्षतिग्रस्त विद्युत ट्रांसफार्मर।

**नियामताबाद।** अलीनगर थाना अंतर्गत के आलू मिल के समीप सोमवार को एक अनियंत्रित तेज रफ्तार मैजिक ने साइकिल सवार दो छात्र को टक्कर मार कर बिजली के खंभे से टकरा गया। मैजिक के टक्कर से खंभा सहित उस पर लगा ट्रांसफर धराशाही हो गया। घटना में एक छात्र की मौके पर ही मौत हो गयी। दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

मौके पर जुटे आस पास के लोगो ने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस की दी घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने घायल छात्र को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया और दूसरे छात्र के शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। बताते हैं कि गोधना गांव निवासी प्रवीण कुमार यादव 17 वर्ष अपने दोस्त मिथिलेश 16 वर्ष के साथ साइकिल से मुगलसराय कोचिंग करने के लिए गया था उसे वापस घर लौटते समय जैसे ही दोनों आलू मिल के पास पहुंचे की पीछे से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित मैजिक दोनों को टक्कर मारकर बिजली खभे से टकरा गई घटना में प्रवीण की मौके पर ही मौत हो गई। वही मिथिलेश गंभीर रूप से घायल हो गया घटना से नाराज आस पास के लोगों ने आलू मिल पुलिस चौकी के बाहर हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद भीड़ को शांत कराया और शव को कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव के लोगो ने बताया कि प्रवीण यादव के पिता अनिल यादव और माता की विगत 5 वर्ष पहले ही मौत हो चुकी है। प्रवीण की भी असमय मौत होने से परिवार और गांव में मातम छाया हुआ है।

### तीन भाइयों में सबसे छोटा रहा नवीन

**डीडीयू नगर।** नवीन तीन भाइयों में सबसे छोटा था। 7 वर्ष पूर्व मां शीला देवी व पिता अनिल का भी बीमारी के कारण मौत हो गई। जिससे पुत्रों के सिर से साया उठ गया। बड़ा भाई अरविंद मिट्टी का कारोबार कर किसी प्रकार छोटा भाई गोलू व मृतक का पढ़ाई का जिम्मेदारी उठा रखा था।

### संयोग वश करंट नहीं रहा बिजली के तारों में

**डीडीयू नगर।** घटना के समय संयोगवश बिजली नहीं होने के कारण बड़ी घटना होने से रुक गई नहीं तो बिजली के चपेट में आने से जान-माल की हानि हो सकती थी। खंबे में तेज टक्कर के कारण धमाकेदार आवाज से आसपास के दुकानदार सहम उठे।

## सकलडीहा से हज के लिए रवाना



सकलडीहा कस्बा से जायरीन को माला फूल पहनाकर हज के लिए रवाना करते परिजन।

**सकलडीहा।** कस्बा नागेपुर गांव की शिक्षिका मुर्सरत जहां और ऐहतशाम अहमद सोमवार को हज के लिये निकले। लखनऊ एयरपोर्ट से हज के लिये उड़ान भरी। इस मुबारक यात्रा को लेकर लोगों ने माला पहनाकर व एक दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद दिया। कस्बा के कंपोजिट विद्यालय सकलडीहा की सहायक अध्यापिका मुर्सरत जहां अपने पति ऐहतशाम के साथ हज के लिये रवाना हुए। सकलडीहा पीजी कॉलेज के पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष डा. संत त्रिपाठी समाज सेवी तौफिक अहम और अजीत यादव ने हज यात्रा पर जाने वाले जायरीन का मालाफूल पहनाकर रवाना किया। जायरीन से समाज व देश में अमन, तरक्की व आपसी एकता की दुआ करने की इल्तेजा किया। जायरीन मुसर्रत जहां और एहेतशाम ने कहा कि हज पर जाना किस्मत की बात होता है। हज वर्ष में केवल एक बार होता है। उमरा के लिए साल में कभी भी जाया जा सकता है। हज का पूरा अरकान करने में लगभग 45 दिन लग जाते हैं। इसलिए लोगों की हज पर जाने की तमन्ना अधिक होती है। हर मुसलमान का सबसे बड़ा ख्वाब होता है हज करना। हजारों मील की दूरी तय कर लोग हज करते हैं। हम लोग वहां जा कर देश में अमन व तरक्की के लिए दुआ करेंगे। इस मौके पर डा. संत त्रिपाठी, तौफिक अहमद, मोहसिन, इन्द्रजीत यादव, पुत्तुल यादव, लल्लू खां, डा. अलिफ रजा, अकील अहमद, बाबूजान, साहब यादव, इम्तियाज अहमद, डा. मुतुर्जा आदि रहे।

### मुकद्दस हज के अरकान को पूरा करने के लिए रवाना हुए जायरीन



हज यात्रा पर जाने से पूर्व शिक्षक शाहनवाज अहमद अपनी मां साजिदा खातून व बच्चों संग।

**चहनिया।** हज के लिए शिक्षक शाहनवाज अहमद अपनी मां साजिदा खातून के साथ सोमवार को लखनऊ से रवाना हुए। हज पर जाने से पहले ग्रामीणों ने उन्हें फूल माला पहनाकर मुबारकबाद दी। हज बैतुल्लाह की मुबारकबाद के साथ नारे बुलंद किया। इस्लामी परंपरा के अनुसार, हज हजारों साल पहले से शुरू होता है, जब इब्राहीम ने भगवान की आज्ञा पर काबा बनाया था। इस घनाकार इमारत को इस्लाम में सबसे पवित्र स्थ3ा माना जाता है और हज की रस्मों में इसके चारों ओर बार-बार घूमना शामिल है। इस दौरान एखलक अहमद, वसीक अहमद, मास्टर परवेज, अमीन वसीम खान, हाफिज अजीम, आशिक अहमद, अबुल लैस खान, वेस खान, चुन्नू अहमद आदि रहे।

## ढाई महीने से एनसीबी गिरने की समस्या से जूझ रहे हैं कस्बावासी

**चहनियां।** कस्बा में लगा सौ केबीए का ट्रांसफार्मर का एनसीबी चौबीस घण्टे में पचासों बार गिरता रहता है। बाजार में अंधेरा छाया रहता है ।

शिकायत के बाद भी एक कर्मचारी सुनने को तैयार नहीं है। कस्बा के लोग ही जाकर चलती सप्लाई में एनसीबी उठा रहे है। केंद्रीय मंत्री ने कस्बा में 250 केवी का ट्रांसफार्मर लगाने के लिए एक्सईन को आदेशित करने के बाद भी आदेश ठेंगे पर है। केंद्रीय मंत्री का आदेश भी अधिकारी मानने को तैयार नहीं है। विगत ढाई से लोग परेशान है।चहनियां कस्बा में सकलडीहा मार्ग पर लगा सौ केबीए का ट्रांसफार्मर में एनसीबी लगा है। जो दिन व रात मिलाकर 24 घण्टे में पचासों बार गिर रहा है। कस्बा के लोग ढाई महीने से परेशान है। भीषण गर्मी में औरतों बच्चो का हाल बुरा है। यह कितनी बड़ी विडंबना है कि कोई भी कर्मचारी एक मिन्नतें करने के बाद भी जाने को तैयार नहीं है। एनसीबी गिरने के बाद कस्बा के लोग चलती बिजली की सप्लाई में लग्घि से बार बार ट्रांसफार्मर उठाने को मजबूर हो रहे है। जो कभी भी बड़ी घटना घट सकती है। कस्बा में ढाई सौ के ट्रांसफार्मर लगाने के बाद दिल्ली केंद्रीय मंत्री माननीय डा.महेंद्र नाथ पाण्डेय से मिलकर प्रधानपति खण्डवारी सतीश गुप्ता द्वारा इस समस्या से अवगत प्रार्थना पत्र देते हुए अवगत कराया था। जिस पर तत्काल एक्सईएन से वार्ता कर ट्रांसफार्मर लगाने के लिए आदेशित किया था। किन्तु ढाई माह बीत जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। कस्बा के लोगो का कहना है कि विगत ढाई महीने से कस्बा के लोग झेल रहे है। यहां हर महीने बिजली का बिल जमा करने के बाद भी सुनने को तैयार नहीं है।

# स्पोर्ट्स



स्पेन में 2023 फामुर्ला वन कार रेस में भाग लेते हुए प्रतियोगी।

# जून में पहली बार खेला जाएगा ओवल में कोई टेस्ट, पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम के जीतने की संभावना अधिक

## ऐसे में इस मैच में टॉस सबसे अहम रहेगा क्योंकि यहां शुरूआत में बल्लेबाजी करना आसान समझा जाता है



**लंदन।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सात जून को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। यह मैच इंग्लैंड के ओवल मैदान में होगा। यह पहली बार है जब जून में इस मैदान में कोई टेस्ट खेला जा रहा है। अभी तक इस मैदान पर कुल 104 टेस्ट हुए हैं। इसमें जुलाई में 8 टेस्ट मैच हुए हैं। जिसमें से आधे मैच पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने जीते हैं। ऐसे में इस मैच में टॉस सबसे अहम रहेगा क्योंकि यहां शुरूआत में बल्लेबाजी करना आसान समझा जाता है। पिछले रिकार्ड को देखें तो 8 में से 4 मैच में पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम को यहां जीत मिली है। वहीं दो मैच में बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम जीती है जबकि 2 मैच बराबरी पर रहे हैं। भारतीय टीम ने यहां एक टेस्ट जुलाई में खेला था और वह मुकाबला ड्रॉ रहा था।

वहीं ऑस्ट्रेलिया ने इस मैदान पर अब तक कोई टेस्ट जुलाई में नहीं खेला है। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने इस मैदान पर खेले 38 में से 7 टेस्ट जीते हैं। 17 में उसे हार मिली है, जबकि 14 टेस्ट ड्रॉ रहे। वहीं भारतीय टीम ने ओवल में 14 टेस्ट खेले हैं और उसे 2 मैच में जीत मिली है जबकि 5 मुकाबले में हार व 7 मैच ड्रॉ रहे हैं। ऐसे में ऑस्ट्रेलियाई टीम का पलड़ा यहां भारी नजर आता है। वहीं इस मौसम में सिर्फ चौथे दिन 60 फीसदी बारिश होने के अनुमान है। वहीं बचे हुए दिन मौसम साफ रहेगा। आईसीसी ने फाइनल के लिए छठा रिजर्व रखा है।

ऐसे में बारिश के कारण कुछ ओवर नहीं हो पाते हैं, तो छठे दिन मैच पूरा होगा। वहीं साल 2021 में भी पहले सत्र के फाइनल का परिणाम भी छठे दिन ही निकला था। आईसीसी के नियम के अनुसार, यदि बारिश के कारण मैच पूरा नहीं हो पाता है या मुकाबला ड्रॉ रहता है तो दोनों ही टीमों को संयुक्त विजेता घोषित किया जाएगा।

## भारतीय टीम के कमजोर मध्यक्रम को संभालेंगे पुजारा, रहाणे और विराट

**लंदन।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सात जून से होने वाले आइसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल से पहले भारतीय टीम की चिन्ता का कारण उसका कमजोर मध्यक्रम है। इसी कारण बल्लेबाज श्रेयस मुकाबला के फिट नहीं होने पर आजिंग्य रहाणे को जगह दी गयी। ऐसे में चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली पर जिम्मेदारी और बढ़ जाएगी। पुजारा, विराट और रहाणे 30 की उम्र के हो रहे हैं और यह साबित करने के लिए खेल रहे हैं कि उनके पास अभी भी कड़ी चुनौतियों के बीच भारत की बल्लेबाजी को आगे बढ़ाने की पर्याप्त क्षमता है। पिछले 18 महीनों से बाहर रहे रहाणे को घरेलू क्रिकेट और आईपीएल में बेहतर प्रदर्शन के बाद टीम में जगह मिली जबकि पुजारा को काउंटी में बेहतर प्रदर्शन के कारण। ऐसे में इन दोनो का ही लक्ष्य मध्यक्रम में अपनी उपयोगिता साबित करना रहेगा। वहीं कि कोहली यह दिखाना चाहते हैं कि वह अभी भी टेस्ट मैचों को प्रभावित कर सकते हैं। वहीं टीम इंडिया के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और श्रेयस अय्यर को भविष्य के लिए मध्य क्रम का स्तंभ करार दिया है। द्रविड़ को उस पूल के निर्माण की उम्मीद थी जिसे उन्होंने नवंबर 2021 में सीनियर टीम के साथ कार्यभार संभालने से पहले भारत के विकासात्मक पक्षों के प्रमुख के रूप में बनाया था।



पेरिस में बेलारुस की आर्यका सबालेंका फ्रेंच ओपन टेनिस के चौथे दौर के मैच में उत्साहित होती हुईं।

# अभ्यास के दौरान चोटिल हुए ईशान



**लंदन।** विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल से पहले ही भारतीय क्रिकेट टीम की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। 7 जून को होने वाले इस महा मुकाबले में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मुकाबला होगा। इसके लिए भारतीय टीम ने जमकर अभ्यास किया पर उसी दौरान युवा सलामी बल्लेबाज ईशान किशन चोटिल हो गये। ईशान के दाहिने हाथ में चोट लगी है। किशन के हाथ पर सीधे गेंद लगी थी। ईशान इसके बाद भी पट्टी बांधकर खेलते हुए नजर आए थे। इससे उम्मीद है कि उनकी चोट गंभीर नहीं होगी। डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए भारतीय टीम ने केएस भरत और ईशान के तौर पर दो विकेटकीपर चुने हैं। दोनों ही खिलाड़ी काफी अच्छे हैं। दोनों में से किसे खेलने का अवसर मिलेगा यह अभी नहीं कहा जा सकता है। कोई पूर्व क्रिकेटर ईशान को शामिल करने के पक्ष में है जबकि कोई भरत को टीम में चाहता है। भरत ने इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में खेला था। ऐसे में मिले अनुभवों को देखते हुए उन्हें अवसर मिलने की संभावना अधिक है। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में ईशान किशन या केएस भरत में से किसी एक को मौका मिलेगा। केएस भरत लंबे समय से भारतीय टेस्ट टीम का हिस्सा हैं और वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भी खेले थे। हालांकि, ईशान अपनी बैटिंग काबिलियत के बूते डब्ल्यूटीसी फाइनल में बड़े मैच विनर साबित हो सकते हैं।

ईशान किशन का प्रदर्शन आईपीएल 2023 में मुंबई इंडियंस की तरफ से खेलते हुए शानदार रहा था। ईशान ने इंडियन प्रीमियर लीग के 16वें सीजन में खेले 16 मैचों में 142 के दमदार स्ट्राइक रेट से 454 रन कूटे थे। इस दौरान उनके बल्ले से तीन फिफ्टी निकली थी। हालांकि, इसके बावजूद मुंबई इंडियंस की टीम को दूसरे क्वालिफायर में हार का मुंह देखना पड़ा था।

## संक्षेप

### आईडी मेमोरियल ग्रुप आफ कालेज में धूमधाम से मना सीएम योगी का जन्मदिन



पुलिस अधीक्षक को गुलदस्ता भेट करते युवा भाजपा नेता आदित्य सिंह

**गाजीपुर।** आईडी मेमोरियल ग्रुप ऑफ कॉलेज आनंद विहार मुडवल फतेहुल्लहपुर में प्रतिवर्ष की भांति सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें रक्तदान शिविर, सुंदरकांड पाठ, फल वितरण ,एवं वृक्षारोपण का कार्यक्रम हुआ। इन सभी कार्यक्रमों के जरिए योगी आदित्यनाथ के दीघार्यु की कामना की गई। प्रबंधक आनंद कुमार सिंह ने बताया कि सीएम योगी के नेतृत?व में माफियाराज का खात्मा हुआ है। प्रदेश में भ्रष्टाचार पर लगाम लगा है। गरीब वर्गो को सभी योजनाओं का लाभ मिल रहा है।शिक्षा और मेडिकल के क्षेत्र में तेजी से सुधार हो रहा है। वहीं, अपराधमुक्त प्रदेश में उद्यमी कल कारखाने लगा रहे है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ,मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ आनंद मिश्रा, अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहें।

### पर्यावरण संतुलन के साथ ही ऑक्सीजन देते हैं वृक्ष

**नियामताबाद।** विश्व पर्यावरण दिवस पर डिप्टी एसपी अनिरुद्ध सिंह ने सीओ कार्यालय परिसर में सोमवार को विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया। पौधा रोपण करते वक्त अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि यह किसी एक व्यक्ति विशेष की बात नहीं। पर्यावरण संरक्षण सामूहिक जिम्मेदारी है। पर्यावरण और आक्सीजन और जल संचय को लेकर कहा है कि वृक्षों का मानव जीवन में बहुमूल्य कीमती है। वृक्ष पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने के साथ-साथ हमें आक्सीजन देते है। उन्होंने आम जनता व पुलिस के जवानों से विभिन्न प्रजाति के पौधों की सुरक्षा एवं अधिक से अधिक पौधरोपण करने की अपील की।

### वाहन चोर को पुलिस ने पकड़ा

**चंदौली।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को सदर कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रविवार की देर शाम जिला अस्पताल से वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया वाहन चोर नगर के वार्ड नंबर 12 गौतम नगर निवासी बबलू अग्रहरि को कोतवाली लाकर विधिक कार्रवाई कर विभिन्न धाराओं में जेल भेज दिया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक राजकुमार पांडेय, चंदन वर्मा, सागर यादव आदि शामिल रहे।

### महादेव कप : सोनांचल, सनराइज व चैम्पियन अगले चक्र में

**सोनभद्र।** नगर के घुवास कॉलोनी स्थित एवरग्रीन क्रिकेट क्लब के मैदान पर प्रथम रात्रिकालिन टी-10 महादेव कप के तीसरे दिन ओपीपी पैरामेडिकल कॉलेज के डॉयरेक्टर विशाल पांडेय, प्रधानाचार्य डा. आरके द्विवेदी और ओम प्रकाश यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। रविवार को तीन मैच खेले गए, जिसमें पहला मुकाबला सोनांचल स्पोर्टिंग क्लब और अक़्छोर स्पोर्टिंग क्लब के बीच खेला गया। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए सोनांचल स्पोर्टिंग क्लब ने दीपक के 29 रनों की बदौलत निर्धारित 10 ओवरों में 2 विकेट खोकर 75 रन बनायी। 76 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए अक़्छोर स्पोर्टिंग क्लब 10 ओवरों में 55 रन ही बना सकी। सोनांचल स्पोर्टिंग क्लब के दीपक को हरफनमौला प्रदर्शन 29 रन/एक विकेट के लिए मैच का सर्वक्षेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। वहीं दूसरा मैचा सनराईज क्लब और ओम स्टार क्लब के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सौरभ की गेंदबाजी 3 विकेट के कारण ओम स्टार की टीम महज 33 रन ही बना सकी। वहीं सनराइज की टीम ने 6 ओवरों में ही 34 रन बनाकर 3 विकेट से मुकाबला जीत लिया। सनराइज क्लब के गेंदबाज सौरभ को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। आखिरी मैच चैंम्पियन और चुर्क के बीच खेला गया, जिसमें चैंपियन के कप्तान अमन जायसवाल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। वहीं चुर्क की टीम ने 10 ओवरों में 7 विकेट खोकर 61 रनों का स्कोर खड़ा किया। चैम्पियन की टीम ने सुनील के 28 रनों की मदद से एक विकेट खोकर ही आसानी से लक्ष्य प्राप्त कर लिया। शाहिद, अनुपम, संतोष सोनी, वाहिद मैदानी, हरीश व धर्मेश एम्पायर रहे, जबकि सत्यम पांडेय ने स्कोरिंग और कौस्तुभम मिश्रा व ओम सोनी ने कमेंट्री की। इस मौके पर आनन्द कुमार चौबे, अभिषेक श्रीवास्तव, अनिल, आशीष श्रीवास्तव, सूर्या संजय, आशीष केशरी, सुनील विश्वकर्मा समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### फुटबॉल मुकाबले में चोपन टीम विजयी

**दुद्धी।** सुपर संडे मैत्रीपूर्ण फुटबॉल मैच का आयोजन मेजर ध्यान चंद स्पोर्ट्स एकेडमी के तत्वाधान में रामलीला खेल मैदान में चोपन एवं दुद्धी टीम के बीच हुआ। चोपन की टीम ने 4 गोल दागे, जबकि दुद्धी की टीम मात्र एक गोल ही कर सकी। इस प्रकार चोपन की टीम विजेता घोषित की गई। मुख्य अतिथि दुद्धी जिला बनाओ संघर्ष मोर्चा के महासचिव प्रभु सिंह ने कहा कि फुटबॉल खेल की ओर बच्चे आकर्षित हो रहे हैं। जिसकी देन मेजर ध्यान चंद स्पोर्ट्स एकेडमी है, जो फुटबॉल की नर्सरी लगा रही है। कहा कि खेल से व्यक्ति के शरीर का सर्वांगीण विकास होता है। अध्यक्षता क्रय विक्रय समिति अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद राय ने किया। इस मौके पर शिव शंकर गुप्ता, आनंद प्रकाश, राहुल अग्रहरी मौजूद रहे। संचालन जितेन्द्र कुमार चन्द्रवंशी ने किया।

# राजस्व टीम ने किया सड़क किनारे मकानों व दुकानों का सीमांकन



चंदौली में सीमांकन करती राजस्व विभाग की टीम।

चंदौली। राजस्व विभाग की टीम ने सोमवार को व्यापारियों व हाइवे प्राधिकरण के कर्मचारियों की मौजूदगी में नापी व सीमांकन का कार्य किया। राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने नायब तहसीलदार दिनेश कुमार शुक्ला की मौजूदगी में हाइवे चौड़ीकरण में अधिग्रहित की गई जमीनों का एक बार पुनः सीमांकन किया। हाइवे प्राधिकरण द्वारा राजस्व विभाग के समक्ष इस बात को रखा गया था कि हाइवे चौड़ीकरण के दौरान नापी का कार्य सही तरीके से नहीं हुआ था, जिसे संज्ञान में लेते हुए एसडीएम सदर दिग्विजय प्रताप सिंह के निर्देश लेखपालों की टीम ने एक बार फिर जमीनों की नापी कराई।

विदित हो कि विगत वर्ष चंदौली नगर से होकर गुजरे हाइवे के चौड़ीकरण में आसपास के व्यापारियों की दुकानों व मकानों का अधिग्रहण किया था, जिसके सापेक्ष व्यापारियों और भवन स्वामियों को भूमि अधिग्रहण कानून के प्रावधानों के तहत उचित मुआवजा का भुगतान जाना था। मुआवजे की सारी प्रक्रिया भी पूर्ण कर ली गई, लेकिन हाइवे प्राधिकरण के अधिकारियों ने हीलाहवाली की और पुनः नापी की मांग की थी, जिसे संज्ञान में लेते हुए एसडीएम ने सीमांकन कर पुनः नापी कराई। नायब तहसीलदार मित्रसेन यादव, कानूनगो अनिल कुमार श्रीवास्तव, सदर लेखपाल हरिशरण प्रसाद, लेखपाल रवि कुमार श्रीवास्तव, आदित्य नारायण मिश्र, फरीद अंसारी द्वारा जमीन की नापी कराई गई। इस दौरान चेयरमैन सुनील यादव गुड्डू, शेष बदन सिंह, हरिश्चन्द्र, समद, जसवंत सिंह, यूनुस अंसारी, अखिलेश श्रीवास्तव, बरकत हाशमी आदि उपस्थित रहे।

# जमीन सीमांकन करने गए कर्मचारी को बनाया बंधक

जनसंदेश न्यूज

**मामला**

**आवासीय जमीन को कृषि रेट पर दिया जा रहा है मुआवजा**

**डीडीयू नगर।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना भारतमाला परियोजना के लिए रेवसा गांव के सैकड़ों एकड़ जमीन तीन बस्तियों को उजाड़ कर लेने का प्रावधान चलाया जा रहा है। जिसमें ग्रामीणों को उचित मुआवजा नहीं दिया गया, जिससे आक्रोशित लोगों ने सोमवार को सीमांकन करने आए कर्मचारियों को ग्रामीणों ने सोमवार को बंधक बनाकर जमकर हंगामा व प्रदर्शन किया। एक घंटे बाद उच्चाधिकारियों द्वारा उचित मुआवजा दिलाने के आश्वासन के बाद कर्मचारियों को छोड़ा गया।

भारतमाला परियोजना के लिए रेवसा गांव के 100 परिवारों के तीन दलित बस्तियों को उजाड़कर लगभग डेढ़ सौ बीघा जमीन अधिग्रहण करने का प्रावधान चलाया जा रहा है। यहां की जमीन नेशनल हाईवे व रिंग रोड से सटे होने के कारण आवासीय रूप में उपयोग हो रहा है।

बावजूद भारतमाला परियोजना में अधिकारियों द्वारा इस बेशकीमती जमीन को आवासीय के बदले कृषि रेट के हिसाब से 2 से ढाई लाख रुपए विस्वा के हिसाब से मुआवजा दिया जा रहा है। जिसके खिलाफ उचित मुआवजा को लेकर ग्रामीण महीनों से लामबंद है। यहां तक की एडीएम व डीएम के यहां पहुंच कर भी इसका विरोध कर चुके हैं। परियोजना से जुड़े कर्मचारी जैसे ही अमलीजामा पहनाने के उद्देश्य से सीमांकन करने पहुंचे। इसकी जानकारी होते ही दर्जनों की संख्या में ग्रामीण पहुंचकर कर्मचारियों को बंधक बनाकर विभाग के खिलाफ जमकर हंगामा वह प्रदर्शन किया। बंधक की जानकारी होते ही उच्चाधिकारियों में हड़कंप मच गया। वही उच्चाधिकारियों ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन देने के बाद कर्मचारियों को छोड़ा।इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि दलितों की जमीन लेने के पूर्व उन्हें बसाया जाना चाहिए।तब उन्हें मुआवजा के साथ जमीन से बेदखल करना चाहिए। इस दौरान ममता देवी, मुन्नी देवी, सुनीता देवी, सुशील, सोनरा, भगवानी, कृष्णावती, इतवारी, सतमनिया, बैजंती, कविता ग्रामीण मौजूद रहे।

# बुनियाद से शुरू हुआ भ्रष्टाचार भवन निर्माण के अंतिम दौर तक जारी

**धांधली**

**कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के उच्चीकृत भवन का हाल**

**डीएम के आदेश के बावजूद पीडब्ल्यूडी विभाग ने नहीं की भवन की जांच**

जनसंदेश न्यूज





**शहाबगंज।** क्षेत्र के बायापुर गांव के पास बन रहे कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का उच्चीकृत भवन व हास्टल का निर्माण कार्य अंतिम चरण में चल रहा है।इस आवासीय विद्यालय व हास्टल के निर्माण नींव से जो भ्रष्टाचार शुरू हुआ वह भवन निर्माण के अंतिम चरण तक देखने को मिल रहा है।

15 दिन पूर्व जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे का शहाबगंज में दौरा हुआ था इस दौरान विकास खण्ड में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दो करोड़ रुपए से चल रहे कस्तुरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के उच्चीकृत विद्यालय व हास्टल के निर्माण कार्य का अवलोकन किया। जहां हास्टल के निर्माण में गुणवत्ता में कमी देखी गई। जहां छत जगह-जगह लटकी हुई है वही छत की बीम भी टेड़ा मेढा है। दर्जनों जगहों पर छत की सरिया दिखाई दे रही है। इसको देखकर पीडब्ल्यूडी विभाग एक्सीएन को तुरंत जांच कर एक सप्ताह के अंदर रिपोर्ट देने की बात कही।

लेकिन एक पखवाड़ा गुजरने के बाद भी जांच एक कदम आगे नहीं बढ़ा। वही भ्रष्टाचार को मिटाने के लिए ठेकेदार द्वारा छत की पुट्टी कराई जा रही है। जिससे छत के निर्माण के दौरान जो गड़बड़ी की गई थी उसको मिटाया जा सके। कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय को उच्चीकृत कर 100 बेड़ का हास्टल व विद्यालय का निर्माण कार्य एक वर्ष पूर्व प्रारंभ किया गया। जहां इण्टर मीडिएट तक की शिक्षा व निशुल्क रहने खाने के साथ क्षेत्र की बालिकाओं को मिलती रहे।

इस कार्य का जिम्मा यूपी प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड यूनिट 3 वाराणसी को दिया गया। लेकिन निर्माण के दौरान ही भ्रष्टाचार प्रारंभ हो गया और मानक की धज्जियां उड़ाई गयी। घटिया निर्माण कार्य की जानकारी तत्कालीन उपजिलाधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा के संज्ञान में आने पर बायापुर गांव पहुंच कर उन्होंने विद्यालय व हास्टल का जांच किया तो प्रथम द्दष्टया ही नींव का निर्माण मानक के विपरित मिला, वही दोयम दर्जे की ईट प्रयोग किया गया था।बीम पिलर्स भी मानक के अनुरूप नहीं मिला,बजरी सीमेंट का अनुपात भी ठीक नहीं था।इस पर उन्होंने कार्यदाई संस्था को फटकार लगाते हुए गुणवत्ता में सुधार लाने का निर्देश दिया था। वही जब निर्माण कार्य अंतिम चरण में चल रहा है लेकिन भ्रष्टाचार ज्यों की त्यों बनी हुई।

गुणवत्ता की समय-समय पर जांच करने वाले तकनीकी जानकारों के साईड पर नहीं आने के कारण भी भ्रष्टाचार बढ़ा। एक बार फिर जिलाधिकारी के जांच में गड़बड़ी पाया गया है। लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग के जिन अधिकारियों को जांच दिया गया है वह अभी तक मौके पर जांच करने नहीं पहुंचे। जबकि जिलाधिकारी जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। पीडब्ल्यूडी विभाग के एक्सीएन राजेश कुमार ने बताया कि लिखित आदेश नहीं मिलने के कारण जांच प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाया है। आदेश मिलने पर जांच किया जायेगा।

# फांसी लगाकर महिला ने कर ली आत्महत्या

दुखद

**मृतका की तीन साल पहले हुई थी शादी**

**पुलिस के मोबाइल से मायके वालों को हुई जानकारी**

**जनसंदेश न्यूज**



मृतका की फाइल फोटो

**जफराबाद।** स्थानीय थाना क्षेत्र खरचलपुर गांव में सोमवार को एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। विवाहिता के ससुराल वालों ने मौत को आत्महत्या बताया वहीं मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए कारवाई की मांग की है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जलालपुर थाना क्षेत्र के ताला गाँव निवासी मुन्ना यादव अपने लड़की की शादी तीन साल पहले जफराबाद थाना क्षेत्र के खरचलपुर गांव निवासी शिवकुमार यादव पुत्र रामधनी यादव के साथ हुई थी। शिवकुमार फूलपुर में किसी कंपनी में काम करता है। उनकी पत्नी अपने गांव में सास सुसर व जेठ जेठानी के साथ रहती थी। मृतक के सास ससुर ने आत्महत्या करने की बात कही है।

वहीं मृतका के परिजन पहुंचकर हत्या का आरोप लगाने लगे। ससुराल पक्ष का कहना था कि सोनी ने फांसी लगाकर आत्महत्या की। वाद- विवाद के बीच पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पर क्षेत्राधिकारी सदर कुलदीप कुमार ने बताया कि मुझे सूचना मिली कि मृतका ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अभी तक मायके वालों की तरफ से कोई तहरीर नही मिली है तहरीर के आधार पर कार्यवाई की जाएगी।

## 25 शीशी अवैध शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**खुटहन।** स्थानीय पुलिस ने रविवार की देर शाम रामनगर से एक शराब तस्कर को 25 शीशी अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। आवश्यक पूछताछ व लिखापढ़ी के पश्चात पुलिस ने अभियुक्त का चालान न्यायालय में कर दिया। प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र सिंह ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री व इससे होने वाले अपराध की रोकथाम हेतु पूरे थाना क्षेत्र में मुखबिर का जाल फैलाया गया है। रविवार की देर शाम वह हे.का. चन्द्रशेखर सिंह व रामजनम के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे। उसी समय मुखविर खास से सटीक सूचना मिली कि रामनगर प्राथमिक पाठशाला के पास एक व्यक्ति झोले में अवैध शराब की शीशी रख बिक्री कर रहा है। सटीक सूचना पर प्राथमिक पाठशाला रामनगर के पास खड़े व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम राजेन्द्र प्रसाद यादव निवासी रामनगर थाना खुटहन बताया। जमा तलाशी के दौरान उसके पास से एक प्लास्टिक के झोले में 25 शीशी अवैध देशी शराब बरामद हुई। जिस पर किसी कम्पनी का टैग नही लगा है।

## पौधरोपण संग संरक्षण भी जरूरी : कुलपति प्रो. मौर्य



पौधरोपण करतीं कुलपति प्रो. मौर्य

**जौनपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा सोमवार को पौधरोपण किया गया। मौके पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि वृक्ष हमें जीवन देता है इसलिए वृक्ष लगाने के साथ -साथ इनका संरक्षण भी बहुत जरूरी है। कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे लगाना हम सबका दायित्व है। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. राज बहादुर यादव ने एक व्यक्ति, एक वृक्ष के नारे के साथ पौधरोपण के महत्व को बताया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विनय वर्मा ने बच्चों के साथ पूरे विश्विद्यालय परिसर में पौधरोपण कराया। कार्यक्रम में डॉ. अवधेश मौर्य, डॉ. रणधीर कुमार, डॉ. अरविंद यादव, डॉ. संतोष यादव, सर्वेश कुमार, कयामुद्दीन, गुड्डू संतोष, मुन्ना रावत आदि ने सहयोग किया।

### संक्षेप

## डा. संदीप बने भाविप शौर्य शाखा के संस्थापक अध्यक्ष



**जौनपुर।** भारत विकास परिषद के जिला समन्वयक नीरज श्रीवास्तव के नेतृत्व में नगर स्थित एक होटल में परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सम्पर्क ब्रह्मानन्द पेशवानी, क्षेत्रीय महासचिव नवीन श्रीवास्तव, संयुक्त क्षेत्रीय महासचिव प्रमोद त्रिपाठी, प्रान्तीय अध्यक्ष प्रवीण पटेल के मार्गदर्शन में तथा सभी सदस्यों की उपस्थिति में भारत विकास परिषद की एक नवीन शाखा शौर्य शाखा का गठन किया गया और जनपद के प्रसिद्ध समाजसेवी, ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ डा. संदीप पाण्डेय को संस्था के अध्यक्ष के रूप में चयनित किया गया। साथ ही साथ सचिव के रूप में डा. आनन्द प्रकाश, कोषाध्यक्ष रंजीत सिंह सोनू, महिला संयोजिका के रूप में ज्योति श्रीवास्तव का चयन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष अतुल जायसवाल, अवधेश गिरी, विक्रम गुप्त, भृगुनाथ पाठक तथा पंकज, रतन, भूपेन्द्र, राघवेन्द इत्यादि उपस्थित रहे।

## प्लास्टिक मुक्त प्रदेश के लिए बांटे कपड़े के थैले



**जौनपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सोमवार को श्रीप्रकाश सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारियों द्वारा प्लास्टिक मुक्त प्रदेश बनाने का संकल्प लिया गया। मौके पर ट्रस्ट के सदस्यों एवं पदाधिकारियों द्वारा मोहल्ला ओलन्दगंज में मुफ्त कपड़े का थैला बांटा गया। संस्था के सचिव विनीत सिंह 'एडवोकेट' ने आम जनता से अनुरोध किया कि प्लास्टिक के थैले का उपयोग न करें और पर्यावरण सन्तुलन बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर शिवनारायण मिश्र 'एडवोकेट', मनोज सिंह 'एडवोकेट', उत्सव 'उपाध्यक्ष', अरविन्द, शैलेन्द्र, अश्वनी, विक्की वं ट्रस्ट के चीफ ऐडिटर सरोज श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण कर ली शपथ



विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण करते लोग

**सुइथाकला।** क्षेत्र के विभिन्न परिषदीय और गैरपरिषदीय स्कूलों में लोगों द्वारा सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ ग्रहण किया गया। इस दौरान नीम, बरगद, पीपल आदि के पौधे रोपित किए गए। इसी कड़ी में पूरासम्भलशाह गांव के परिषदीय स्कूल में प्रभारी प्रधानाध्यापक अजय मिश्रा के नेतृत्व में बच्चों और अन्य ने नो प्लास्टिक यूज का शपथ लिया। वहीं शान्ति निकेतन पूर्व माध्यमिक विद्यालय सारीजहांगीर पट्टी में प्रबन्धक वंशगोपाल त्रिपाठी के नेतृत्व में प्रधानाध्यापक महेश दूबे व अन्य के द्वारा पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ लिया गया। प्रधानाध्यापक दूबे द्वारा लोगों को प्लास्टिक से होने वाले खतरों पर चर्चा की गई। इसी कड़ी में डीहअशरफाबाद, खानपुर चौरवा, बुमकहां, कटघर आदि स्कूलों में पौधरोपण कर शपथ लिया गया। इस दौरान नीम, बरगद व पीपल के पौधे रोपित किए गए। इस दौरान, दुष्यंत मिश्र, डॉ. रणंजय सिंह, सुधाकर सिंह, राजेश चौबे, सजीवन मौर्य समेत अन्य मौजूद रहे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर रोपे गए पौधे

**खेतासराय।** विश्व पर्यावरण के अवसर पर पूरे विश्व में पर्यावरण संरक्षण एवं पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन कर धरा को प्रदूषित होने से बचाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसकी कड़ी में सोमवार की सुबह खेतासराय-खुटहन मार्ग से लगे लिंक रोड पर स्थित गुजरताल पर विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नौली ग्राम प्रधान रोशन लाल राजभर ने ग्रामीणों के साथ आंवला, पीपल, शीशम, जामुन, अर्जुन आदि पौधों से पौधरोपण किया। इस अवसर पर सरफराज अहमद एसडीओ शाहगंज, महेंद्र देव विक्रम, जयहिंद यादव, कपिल देव मिश्रा, सुरेश वनवासी आदि लोग उपस्थित रहे।

## वृक्ष होते हैं पुत्र के समान : उम्मे राहिला



जफराबाद। नगर पंचायत कार्यालय परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष व सभासदों द्वारा कार्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर पंचायत कार्यालय परिसर में नगर पंचायत की नव निर्वाचित अध्यक्ष उम्मे राहिला ने समस्त सभासदों के साथ पौधरोपण किया। इस दौरान पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए जन जागरूकता रैली भी निकाली गई। इस मौके पर चेयरमैन ने कहाकि पौधरोपण करने के साथ-साथ वृक्षों की रक्षा करना भी हम लोगो का परम कर्तव्य बनता है। इसलिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में पौधरोपण करें। चेयरमैन प्रतिनिधि डॉक्टर सरफराज खान ने उपस्थित लोगों को बताया कि वर्तमान वर्ष में विश्व पर्यावरण दिवस की थीम प्लास्टिक पर्यावरण को हराना है क्योंकि प्लास्टिक ही वह पदार्थ है जिसे हम कभी नष्ट नहीं कर सकते न ही इसे जला कर, न ही जमीन में गाड़ कर और न ही यहां वहां फेंक कर नष्ट किया जा सकता है बल्कि यह जिस स्थिति में भी होता है। पर्यावरण को प्रदूषित करता रहता है इसलिए हम सभी को चाहिए कि प्लास्टिक के प्रदूषण से बचने के लिए प्लास्टिक के उपयोग को कम से कम करें और हो सके तो बिल्कुल ना करें। इस दौरान ओवैश, सभासद दिलशाद, सुनीता, जगत नारायण, विनोद प्रजापति, अवध नारायण, जोगेंद्र निषाद, राजमन, वेद प्रकाश, सत्येन्द्र नारायण तिवारी, ओमकार आदि मौजूद रहे।

## बीएसए ने पौधे लगाकर दिया पर्यावरण सुरक्षा का संदेश



**जौनपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाइन में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल ने सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मिशन लाइफ थीम के कार्यों और गतिविधियों के साथ-साथ पौधरोपण करते हुए विद्यालय परिवार और यहां के नन्हे-मुन्ने बच्चों के साथ हर्षोल्लास के साथ बड़े ही धूमधाम से विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। पौधरोपण कर पर्यावरण सुरक्षा व हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया गया। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाध्यापिका नीतू सिंह व संस्थाओं के पदाधिकारियों व सदस्यों ने शिरकत किया। इस दौरान लोगों ने पर्यावरण को बचाने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में वहां उपस्थित निवासियों को हरियाली को बढ़ावा देने के लिए निःशुल्क पौधे वितरित किए गए। विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण सुरक्षा व हरियाली बढ़ाने का संदेश देने के लिए 101 पौधे वितरित किए गए। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि पीपल, जामुन, शहतूत व पृथला आदि के पौधे वितरित किए गए हैं, जिनसे पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने में सहायता मिलेगी। सभी लोगों ने शपथ लिया कि पर्यावरण को बचाने के लिए अपने दैनिक जीवन में हर संभव बदलाव लायेंगे और इसके साथ ही अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित भी किया गया।

## विश्व पर्यावरण दिवसः सफाई गाड़ियों को किया रवाना



**जौनपुर।** सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद प्रांगण में उतर प्रदेश शासन द्वारा मेरी लाइफ मेरा स्वच्छ शहर अभियान द्वारा प्रचार प्रसार एवं जनसहभागिता हेतु अध्यक्ष मनोरमा मौर्या, अधिशाषी अधिकारी संतोष कुमार मिश्र द्वारा लाइफ शपथ दिलायी गयी। उसके बाद हरी झंडी दिखाकर सफाई हेतु नई गाड़ियों को रवाना किया गया। कार्यक्रम में प्लॉग रन के माध्यम से अधिशासी अधिकारी संतोष कुमार मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. रामसूरत मौर्या एवं समस्त सभासद गणों द्वारा नगर के मुख्य मार्गो पर कूड़ा पॉलिथीन सड़कों से चुनकर स्वच्छता का संदेश भी दिया गया। साथ ही साथ कपड़े के झूले को सभी लोगों ने प्रयोग करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी ने लोगों से अपील की हम सभी नगर वासियों को नगर प्रदेश और देश को प्रदूषण मुक्त बनाना है तो अपने जीवन से प्लास्टिक दूर करें और कपड़े के थैला का इस्तेमाल करते हुए पर्यावरण को शुद्ध बनाएं। नगरपालिका कर्मचारियों को डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन करने में नगरवासी सहयोग प्रदान करें। अतिथियों का स्वागत डीपीएम अमित कुमार यादव ने किया, संचालन सलमान शेख ने किया। आभार डीसी खुशबू यादव ने किया। इस अवसर पर सभासदगण नंद लाल यादव, संतोष मौर्य, मिंटू पाठक, मुकेश सिंह, शाहनवाज मंजूर, कृष्णा यादव, तहसीन शाहिद, राजेंद्र मौर्य, जय सिंह के अलावा कार्यालय प्रभारी अनिल यादव, टीएस अंजू राय, एसआई हरिश्चंद्र यादव, मनोज यादव, जेई दीपक शाह, रागिनी मोरिया, एसबीएम सैफ अली आदि लोग उपस्थित रहे।

### संक्षेप

## नगर पंचायत में हुई बोर्ड की पहली बैठक



**खेतासराय।** नगर पंचायत में गठित बोर्ड की प्रथम बैठक सोमवार को नगर पंचायत के मीटिंग हाल में अध्यक्ष वसीम अहमद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में नगर की साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, जल निकासी, व्यवस्था एवं निर्माण कार्यों आदि की व्यवस्थाओं पर विचार-विमर्श किया गया। इसी क्रम में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अधिशाषी अधिकारी डॉ. रविन्द्र प्रताप सिंह द्वारा लोगों को पर्यावरण को सुरक्षित रखने हेतु शपथ दिलाई गई एवं विभिन्न जगहों पर पौध रोपण किया गया तथा गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग निकालने की अपील की गई। इस मौके पर सभासद मो. सलीम, सतीश यादव, अमित सोनकर, शैलेश यादव, बेगन, रुकसाना, संध्या, शाहिना, विवेक कुमार यादव, भाईलाल, एजाज अहमद, समेत सभी नव निर्वाचित सभासगण उपस्थित रहे।

## पीएम किसान सम्मान निधि को लेकर नगर पालिका परिषद पर लगा कैंप



**गोपीगंज।** नगर पालिका क्षेत्र के साथ आस पास के ग्रामीण क्षेत्र के किसानों की सुविधा हेतु नगर पालिका परिषद कार्यालय पर कैंप लगाकर पात्र किसानों के प्रमाण पत्रों को अपडेट किया गया। इस दौरान उपस्थित कृषि जिला तकनीकी विभाग के सहायक शिव शंकर ने बताया कि पीएम किसान निधि से जुड़ी दिक्कतों का जैसे की उनकी केवाईसी नही हुई है,आधार लिंक नही हुआ है, खतौनी में कोई परेशानी है, खाता नही खुला है, सभी के निस्तारण हेतु कैंप का आयोजन किया हैं। जिसमें लेखपाल बेलाल अहमद, जनसेवा केंद्र संचालक प्रदीप मौजूद है। मौजूद शिव शंकर ने बताया कि इस बार किसान सम्मान निधि की चौदहवीं किस्त आनी है, जो किसी कारण से लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। वह इस कैंप का लाभ उठाएं और अपना डॉक्यूमेंट अपलोड करा दें ताकि समय से पीएम सम्मान निधि का लाभ मिल सके।

## सुरियावां सीएचसी अधीक्षक डॉ. अभिषेक ने संभाला चार्ज

**ज्ञानपुर।** सुरियावां के नवागत सीएचसी अधीक्षक डॉ. अभिषेक नाग ने सोमवार को पदभार संभाला। ज्ञात हो कि पूर्व अधीक्षक डॉ. आशीष चतुवेर्दी द्वारा मेडिकल पर चले जाने पर अधीक्षक पद पर डॉ. अभिषेक नाग को नियुक्त किया गया है।डॉक्टर अभिषेक नाग ने कहा कि जितने भी चिकित्सक और स्टाफ हैं वो सभी समय से आए तथा समय से जाएं, काम में किसी तरह की लापरवाही व शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी वार्डो का नवीनीकरण व कायाकल्प प्राथमिकता में रहेगी।

## धूमधाम के साथ निकाला गया माता का हिंडोला

**लालानगर।** गोपीगंज नगर में रविवार की देर रात्रि शीतला माता का हिंडोला धूमधाम के साथ निकाला गया। जिसमें शामिल भक्तों ने डीजे की धुन पर नाचते गाते नजर आए। भीषण गर्मी को लेकर पालिका अध्यक्ष द्वारा पानी से भरा टैंकर भी साथ में रहा जिसको लेकर छोटे बच्चे पूरे रास्ते मां के आगमन को लेकर पानी सड़कों पर गिराते रहे जिससे माता रानी को गर्मी से दूर रखा जा सके। जिसको लेकर पूरे नगर में पालिका अध्यक्ष द्वारा हिंडोला आगमन को लेकर साफ सफाई की उचित व्यवस्था कराई गई।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर जिला जेल में लगाये गए पचास पौधे

**ज्ञानपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पुलिस महानिदेशक, महानिरीक्षक कारागार द्वारा दिये गए निदेर्शो के अनुपालन में क्लीन जेल ग्रीन जेल के अंतर्गत जिला कारागार ज्ञानपुर के अंदर व बाहर कारागार परिसर तथा आवासीय कालोनी में विशेष अभियान चलाकर समस्त अधिकारी कर्मचारी व बंदियों द्वारा सफाई करायी गई तथा पेड़ पौधो पर पानी का छिड़काव किया गया। इस अवसर पर कारागार के अंदर व बाहर कटहल, आम, नींबू, अमरुद आदि के कुल पचास पेड़ लगाये गये। जेलर आर के वर्मा ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के लिए अति उपयोगी है।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

## भीषण गर्मी से जनजीवन हुआ बेहाल, नगर में कहीं भी नहीं प्याऊ की व्यवस्था



**गोपीगंज।** भीषण गर्मी से जनजीवन बेहाल हो रहा है। नगर में कहीं भी निःशुल्क प्याऊ शुरू नहीं होने से ठंडा शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा। नगर में कहीं भी हैंडपंप की व्यवस्था नहीं और जो है भी वह खराब पड़ा है। कस्बा में दो जगह एक बड़े शिव मंदिर पर एक तुलसी तिराहे पर समाजसेवी संस्थाओं द्वारा लगाया गया फिर भी वह सार्वजनिक जगहों पर न होने से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका से मांग की है कि नगर क्षेत्र के प्रमुख मार्ग चौक-चौराहों पर बीते वर्षों की भांति मटके रखवाकर प्याऊ खुलवाया जाए और दुकानदार समेत राहगीरों को चलती फिरती प्याऊ द्वारा ठंडा शुद्ध पेयजल पिलाने की व्यवस्था कराई जाए। भीषण गर्मी से जहां सबसे ज्यादा बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन पर यात्री परेशान हैं। पर्याप्त सार्वजनिक प्याऊ न होने से लोग मजबूरी में लोग बोतलबंद या फिर पानी पाउच खरीदने को मजबूर हैं। नवनिर्वाचित चेयरमैन ने अपने संकल्प पत्र में हर वार्ड, चौराहों पर वाटर फिल्टर मशीन की व्यवस्था का वादा किए है।

देखते है की वह कब पूरा होता है। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो ने अधिशाषी अधिकारी अमिता सिंह को पत्र देकर सार्वजनिक स्थलों पर निःशुल्क प्याऊ की मांग की है। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी अमिता सिंह ने माना की हां देर हो गई है। जल्द ही एक दो दिनों में व्यवस्था करा दी जाएगी।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर दिलाई शपथ



नगर पालिका परिषद भदोही से विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जागरूकता रैली निकालते इओ व सभासदगण



गोपीगंज नगर पालिका में वृक्षारोपण के बाद खड़े पालिकाध्यक्ष, इओ व सभासदगण



नगर क्षेत्र भदोही के प्रा वि मर्यादपट्टी में विश्व पर्यावरण दिवस पर शपथ लेते बच्चे, एआरपी व प्रधानाध्यापक

**भदोही।** विश्व पर्यावरण दिवस सोमवार को पूरे जनपद में धूमधाम से मनाया गया। अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने कार्यालयों में पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। खिलाड़ियों, मंगल दलों एवं पीआरडी जवानों ने कलेक्ट्रेट ज्ञानपुर से ग्राम पंचायत गजधरा तक साइकिल रैली निकाली व शपथ ग्रहण कराया। उक्त रैली को पुलिस अधीक्षक डॉ.अनिल कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। तत्पश्चात ग्रामीण मिनी स्टेडियम चकमांधाता में पौधरोपण व शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ₹मिशन लाइफ₹ के अंतर्गत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बी एन सिंह के नेतृत्व में जनपद के सभी बेसिक स्कूलों में शिक्षकों और छात्रों द्वारा पौधरोपण कर लाइफ शपथ ली गई।बीएसए के निर्देश पर सभी स्कूलों में पर्यावरण आधारित गतिविधियों का आयोजन किया गया।विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह ने अधिकारियों कर्मचारियों को प्रतिज्ञा शपथ दिलाई। ग्राम पंचायत सचिवालयों में ग्राम प्रधानों ने ग्राम वासियो को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। इसी तरह गोपीगंज में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ने कर्मचारियों को पर्यावरण के अनुकूल आदतों और महत्व के विषय में सतत रूप से प्रेरित करने के उद्देश्य से शपथ दिलाई। तत्पश्चात बड़े शिव धाम पर वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर जितेंद्र गुप्ता ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण के साथ-साथ उसकी सुरक्षा करना आवश्यक है। साथ ही अधिशासी अधिकारी अमिता सिंह ने बताया की पेड़ पौधे वातावरण के अनुकूलन में सहायक होते हैं। पौधरोपण कार्यक्रम में लाइफ प्रतिज्ञा भी लिया। इस मौके पर सभासद डॉक्टर आनंद कुमार मोदनवाल, रवि प्रकाश पांडे, विष्णु प्रसाद पांडे, अचल श्रीवास्तव, आशीष यादव, सहित अन्य सभासद मौजूद रहे।

इसी तरह भदोही नगर पालिका परिषद में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पालिकाध्यक्ष पति सभासद अतहर अंसारी ने कर्मचारियों को पर्यावरण के अनुकूल आदतों और महत्व के विषय में सतत रूप से प्रेरित करने के उद्देश्य से शपथ दिलाई। अधिशाषी अधिकारी जी लाल के नेतृत्व में रैली निकाल कर लोगों को पर्यवारण के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान सभी सभासद व कर्मचारी मौजूद रहे।

# खेल मैदान से हटाया अतिक्रमण

कार्रवाई

**अगर किसी ने अतिक्रमण की तो पहले एफआईआर दर्ज होगी, उसके बाद हटाया जाएगा अतिक्रमण**



खेल मैदान से राजस्व विभाग द्वारा अतिक्रमण हटाये जाने पर जमी भीड़

**भदोही।** जिलाधिकारी गौरांग राठी के आदेश के अनुपालन सोमवार को भदोही तहसीलदार विजय यादव के निर्देश पर सुरियावां क्षेत्र के महजूदा गाँव में नायब तहसीलदार सुरियावां, नायब तहसीलदार भदोही संजय कुमार के नेतृत्व में पहुँची राजस्व व पुलिस टीम ने ट्रैक्टर व जेसीबी चलवाकर खेल मैदान से अतिक्रमण हटवा कर भूमि को ग्राम सभा को हैण्डओवर किया। महजूदा के ग्राम प्रधान राजमणि पांडेय ने जिलाधिकारी गौरांग राठी को ग्राम सभा में सरकारी जमीन व खेल मैदान पर अवैध अतिक्रमण की शिकायत की थी। ग्राम प्रधान की शिकायत पर जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग को सरकारी जमीन व खेल मैदान से अतिक्रमण हटाने के लिए सख्त निर्देश दिया था। सोमवार को नायब तहसीलदार भदोही सजंय कुमार व नायब तहसीलदार सुरियावां अंजनी गुप्ता राजस्व टीम व भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचकर तीन घण्टे टैक्टर व जेसीबी चलवाकर अतिक्रमण हटवाकर खेल मैदान की मेड़ाबन्दी करा दी। राजस्व व पुलिस विभाग की इस कार्यवाही से चार दशक से अतिक्रमण करने वाले अवैध अतिक्रमणकर्ताओ में हड़कंप मचा रहा। खेल मैदान की जमीन ग्राम प्रधान व सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को सुपुर्द करते हुए नायब तहसीलदार ने कहा कि खेल मैदान पर अब अगर किसी ने अतिक्रमण करने की कोशिश की तो पहले एफआईआर दर्ज होंगा उसके बाद अतिक्रमण हटाया जाएगा। मौके पर राजस्व निरीक्षक अशोक कुमार दुबे, सुरियावां थानाध्यक्ष विपिन सिंह, पाली चौकी प्रभारी सन्तोष कुमार राय, एडीओ पंचायत मनोज मौर्य, हल्का लेखपाल विनीत सिंह, लेखपाल अखिलेश्वर राम तिवारी, लेखपाल राकेश तिवारी सहित भारी संख्या में पुलिस के जवान व महिला सिपाही मौजूद रही।

### ग्राम वासियों ने जताया आभार

**भदोही।** ग्राम सभा महजूदा में सरकारी जमीन पर चार दशक से अवैध तरीके से भू माफियाओ ने अतिक्रमण किया था। चंद भूमाफियों की वजह से ग्राम सभा में सरकारी काम बाधित हो रहा था, डीएम के निर्देश पर की गयी इस कार्यवाही पर ग्राम वासियों ने जिलाधिकारी गौरांग राठी, राजस्व टीम व पुलिस टीम का आभार जताया।

## 75 लोगों को मछलीशहर गौरव सम्मान

**मछलीशहर।** पत्रकार विकास परिषद की तरफ से मछलीशहर गौरव सम्मान का आयोजन किया गया इसमें विभिन्न क्षेत्रों के कुल 75 लोगों को प्रशस्ति पत्र अंगवस्त्रम और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। स्थानीय तहसील के सभागार में आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहाकि ऐसे गौरव सम्मान से लोगों का हौसला बढ़ता है। कहा कि यह सम्मान समारोह अपने आप में अनुकरणीय अविस्मरणीय इसलिए है क्योंकि इसमें शिक्षक चिकित्सक, पत्रकार, समाजसेवी, व्यवसाय प्रशासनिक वर्ग के कुल 75 लोगों को एक साथ एक मंच पर सम्मानित किया जा रहा है। उप जिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम मनोबल और हौसला दोनों प्रदान करते हैं और इंसान अपने दायित्व को लेकर कुछ अच्छा और सकारात्मक करने की सोचता है। समारोह को पुलिस विभाग के प्रदेश के निवर्तमान आईजी लॉ एंड ऑर्डर बद्री प्रसाद सिंह, रिटायर्ड आईएएस रामसूरत दुबे, आचार्य राकेश कुमार पांडेय, तहसीलदार मूसाराम, प्रभारी निरीक्षक किशोर कुमार चौबे, नगर पंचायत अध्यक्ष संजय जायसवाल और पत्रकार संघ के तहसील अध्यक्ष राम प्रताप सिंह ने भी संबोधित किया।

## बेटा-बेटी में भेदभाव न करें दोनों को शिक्षा दें समान



योजना के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग

**भदोही।** जिला प्रोबेशन अधिकारी के मार्ग दर्शन में महिला कल्याण विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतरगत बालिका के जन्म के प्रति समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हेल्थ वैलनेस सेंटर छात्र शाहपुर में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर महिला शक्ति केंद्र से रेशमा भारतीय, प्रियंका गुप्ता डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर द्वारा नवजात शिशुओं की माताओं को बेबी किट व प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया गया एवं कन्या सुमंगला योजना से भी जोड़ा गया। इस अवसर पर बताया कि कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत सरकार द्वारा 6 चरणों में आर्थिक मदद उपलब्ध करायी जाती है। इस योजना से बाल विवाह, लिंग भेदभाव जैसी कुप्रथा का भी अंत होगा। कहा कि बेटा-बेटी में भेदभाव न करें, दोनों को समान शिक्षा दें, जिससे बेटियां भी अपने पैरों पर खड़ा होकर परिवार, समाज एवं देश का नाम रोशन करें। उन्होने यह भी कहा कि जहां भी महिलाओं का समाज में उत्पीड़न हो, उसका कड़ा विरोध करें। उन्होने कहा कि कार्यस्थल पर कार्य के दौरान कार्य में महिलाओं को बराबर अधिकार दें। उन्होने बताया कि पीसीपीएनडीटी एक्ट भारत में कन्या भ्रूण हत्या और गिरते लिंगानुपात को रोकने के लिए भारत की संसद द्वारा पारित संघीय कानून है। इस अवसर पर वैलनेस सेंटर छत्रसाल पुर के स्वास्थ्य कर्मी एवं महिला कल्याण विभाग के लोग मौजूद रहे।



# वक्त की गर्दिश में हैं आतीं-जातीं रौनकें

## सियासत ने दी मशहूरियत, कानून ने ताउम्र सलाखों के पीछे भेजा

### एक तिहाई उम्र तो जेल की सलाखों के पीछे गुजरी

माफिया मुख्तार अंसारी की उम्र जेल के सलाखों के पीछे ही बीत रही है। वह साढ़े 17 वर्षों से जेल में है। मऊ दंगे के बाद मुख्तार अंसारी ने 25 अक्तूबर 2005 को गाजीपुर में आत्म समर्पण किया था और वहीं की जिला जेल में दाखिल हुआ था। मुख्तार जब से जेल में बंद है, तब से लेकर अब तक उस पर गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हुए हैं। मुहम्मदाबाद के फाटक निवासी मुफ्तार अंसारी चार दशक से जरायम की दुनिया में है। इस दौरान कई चर्चित आपराधिक घटनाओं में मुख्तार अंसारी का नाम आया। पूर्वांचल में कभी जिस मुख्तार अंसारी के इशारे पर सरकारें अपना निर्णय बदल लेती थी, आज उसी मुख्तार का बना बनाया हुआ साम्राज्य ढह रहा है। ये सिलसिला बीते छह-सात वर्षों में तेज हुआ है।

**हकीकत से सामना**

**बड़ी तेजी से बाहुबली बना था मुख्तार**

इनसान अपनी जिंदगी में चाहे कुछ भी हासिल कर ले। लेकिन वह चाहता है कि उसका अंत भला हो, चाहे आगाज भले ही परेशानीभरा हो या कष्टों से जूझते वाला। वक्त हर बार किसी न किसी के सहारे मनुष्य को अपनी ताकत का एहसास कराता रहता है। पिछले साढ़े तीन दशक से पूर्वांचल की राजनीति व अपराध की दुनिया के बाहुबली रहे मुख्तार अंसारी को कोर्ट ने अवधेश राय की हत्या का दोषी करार दिया और उम्रकैद की सजा सुना दी।

पूर्वांचल में कभी जिस बहुबली मुख्तार अंसारी के इशारे पर सरकारें अपना फैसला बदल लेती थीं, आज उसी मुख्तार का बना बनाया हुआ साम्राज्य बर्बाद हो रहा है। वह अब सलाखों से बाहर नहीं आ पाएगा। सोमवार को उसे पहली बार आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। मुख्तार अंसारी को पहली बार उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। इससे पहले उसे अधिकतम 10 साल की सजा मिली थी। बीते आठ महीने 15 दिन में उसे छह मुकदमों में सजा सुनाई जा चुकी है। लगातार छठवीं सजा के साथ ही माफिया मुख्तार अंसारी पर कानूनी शिकंजा और कस गया है।

### पूरा परिवार पड़ा भारी संकट में

मुख्तार की बेबसी के पीछे की वजह पारिवारिक सदस्यों का जेल में या फिर अलग-अलग मामलों में फरार होना है। मऊ से विधायक बेटा अब्बास अंसारी चित्रकूट जेल में है। उसकी पत्नी निखत अंसारी भी जेल में है। पत्नी आफ्शा अंसारी फरार काट रहीं हैं। उस पर इनाम घोषित किया जा चुका है। छोटा बेटा उमर अंसारी भी फरारी में है। उसके खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट जारी हो चुका है। बड़ा भाई अफजाल अंसारी सजा काट रहा है। गाजीपुर जिले के यूसुफपुर निवासी माफिया मुख्तार अंसारी अपराध की दुनिया में पहली बार नाम वर्ष 1988 में हरिहरपुर के सच्चिदानंद राय हत्याकांड से सामने आया था। कुछ ही वर्षों में ही पूर्वांचल की तमाम हत्याओं और ठेकेदारी में मुख्तार का नाम खुलेआम लिया जाने लगा। सत्ता और प्रशासन का संरक्षण मिलने से मुहम्मदाबाद से निकलकर मुख्तार अंसारी अपराध की दुनिया में बड़ा नाम हो गया। करीब 40 साल पहले राजनीति में कदम रखने वाला मुख्तार देखते ही देखते प्रभावशाली नेता बन गया। विधानसभा में पूर्वांचल की मऊ सीट से लगातार लोगों की पहली पसंद बनकर पांच बार विधायक बना।

### अपराध की दुनिया में ऐसे आया मुख्तार

मुख्तार अंसारी का जन्म 30 जून 1963 को उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के युसुफपुर में हुआ था। वह कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष मुख्तार अहमद अंसारी का पोता है। मुख्तार अंसारी मूल रूप से मकनू सिंह गिरोह का सदस्य था, जो 1980 के दशक में काफी सक्रिय था। अंसारी का यह गिरोह कोयला खनन, रेलवे निर्माण, स्क्रैप निपटान, सार्वजनिक कार्यों और शराब व्यवसाय जैसे क्षेत्रों में लगा हुआ था। अपहरण, हत्या व लूट सहित अन्य आपराधिक गतिविधियां करता था। जबरन वसूली का गिरोह चलाता था। मऊ, गाजीपुर, वाराणसी और जौनपुर में सक्रियता ज्यादा थी। 20 से भी कम की उम्र में मकनू सिंह गिरोह में शामिल होकर मुख्तार अपराध की सीढ़ियां चढ़ता रहा। जमीन पर कब्जा, अवैध निर्माण, हत्या, लूट, सहित अपराध की दुनिया के कुछ ही ऐसे काम होंगे, जिनसे मुख्तार का नाम न जुड़ा हो।

# काशी के गायक दीपक देश-विदेश में अर्जित कर रहे ख्याति

**संगीत सेवा**

**बनारस घराने के पं. पशुपतिनाथ मिश्र से सीखीं गायन की बारीकियां, बालीवुड के कई गायकों संग कर चुके हैं गायन**

**बनारस के युवाओं को गायन में करेंगे प्रशिक्षित, लगभग डेढ़ सौ एलबम हुए हैं रिलीज**

**राधेश्याम कमल**







**वाराणसी।** बनारस घराने के दीपक गिरी देश विदेश में अपनी ख्याति अर्जित कर रहे हैं। वे बालीवुड के कई मशहूर गायकों के साथ गायन कर चुके हैं। उन्होंने अपने गायन की शुरुआत वर्ष 1991 से शुरू की। इसके बाद उन्हें लगातार ख्याति मिलती गई। काशी से लेकर बालीवुड के सफर के दौरान उन्होंने फिर मुड़ कर नहीं देखा। वे लगातार संगीत की सेवा कर रहे हैं। उन्हें वर्ष 91 में किशोर कुमार गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मिला। वे पिछले कई सालों तक मुंबई में ही रहे। दीपक अब तक लगभग पांच हजार स्टेज प्रोग्राम पेश कर चुके हैं और अभी भी लगातार जुटे हुए हैं। उनकी गायकी को सुन कर हर कोई तारीफ ही करता है। दीपक गिरी काशी के उन युवा प्रतिभाओं को जो संगीत के क्षेत्र में अपना मुकाम बनाना चाहते हैं उनके लिए भी कुछ एलबम तैयार कर उनको मंच देने का प्रयास करने में जुटे हुए हैं। जल्द ही वे बनारस में एक एकेडमी खोलने जा रहे हैं जहां पर वे बनारस के युवाओं को गायन में प्रशिक्षित करेंगे। उनका मानना है कि संगीत में कोई जरूरी नहीं है कि घर-परिवार छोड़ कर मुंबई जाकर काम करके नाम कमाये। यही पर अपने घर पर ही रह कर अपना मुकाम बनाया जा सकता है। दीपक वरिष्ठ रंगकर्मी चितरंजन गिरी के छोटे भाई हैं। उन्हीं की प्रेरणा से वह गायन के क्षेत्र में आये। जनसंदेश टाइम्स से उनकी खास मुलाकात हुई।

### कई हिंदी फिल्मों में गायन किया

बनारस घराने के पं. पशुपतिनाथ मिश्र से दीपक ने गायन की बारीकियां सीखी। गायक कलाकार दीपक गिरी बताते हैं कि उन्होंने कई हिंदी फिल्मों में गायन किया। इसमें प्रमुख रूप से उदित नारायण व श्रेया घोषाल के साथ दो दिलों के खेल में, सिंगर शान के साथ रक्तबीज, अभिजीत सावंत के साथ, सुनिधि चौहान के साथ हिंदी फिल्म तथा रेखा राव, साधना सरगम के साथ युगल गीत गा चुके हैं। इसके अलावा हिंदी फिल्म चक्रव्यूह, रामनगर यूपी 65 व भजन सुपारी में स्वर दिया। उन्होंने भोजपुरी फिल्मों में भी अपना स्वर दिया। इसमें लक्ष्मण रेखा (कल्पना पटवारी) गब्बर सिंह (दिनेश लाल यादव) में गायन किया। उनकी भोजपुरी फिल्म कोठा का गीत कभी कम कभी ज्यादा बहुत पसंद की गई थी।



### सुरेश वाडकर व उदितनारायण का प्राप्त है सानिध्य

गायक दीपक का लगभग डेढ़ सौ एलबम रिलीज हो चुका है। इसमें टी सीरीज, सारेगामा, वर्ल्ड वाइड व अन्य कंपनियां हैं। इसमें टी सीरीज में राधे तू राधे व कालभैरव की महिमा वायरल हुआ है। इसमें बाबा कालभैरव की उत्पत्ति से लेकर सब कुछ है। जिसे उन्होंने बहुत ही सरल ढंग से गाया है। उनका सनातन धर्म के अलावा कई अन्य एलबम भी रिलीज होने वाले हैं। मुंबई में वे काफी दिनों तक प्रख्यात गायक सुरेश वाडेकर के साथ रह कर उनका सानिध्य प्राप्त किया। मुंबई में गायक कुमार शानू व उदित नारायण का उन्हें बहुत आशीर्वाद मिला। वे महान गायक कलाकार स्व. किशोर कुमार को अपना आदर्श मानते हैं। उनका यूपी में सब बा को अब तक 50 हजार से ज्यादा लोगों ने पसंद किया है। इस गाने को संगीतकार नरेन्द्र निर्मल ने संगीत दिया था। इससे उनको एक नई पहचान मिली। दीपक देश के अलावा विदेशों में भी अपना कार्यक्रम प्रस्तुत कर चुके हैं। इसमें बहरीन, मारीशस, दुबई, सिंगापुर, मस्कट आदि है। उनका जल्द ही लंदन में प्रोग्राम होने वाला है।



# शिक्षण संस्थानों और विभागों में मनाया पर्यावरण दिवस

**संरक्षण का संकल्प**

**पौधे लगाकर लिया गया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लोगों को किया गया जागरूक**

**वाराणसी।** विश्व पर्यावरण दिवस पर सोमवार को शहर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों और सरकारी विभगों समेत सामाजिक संस्थाओं ने पौधरोपण कार्यक्रम कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान चलाने के साथ नुक्कड़ नाटकों व संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय और महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के राष्ट्रीय सेवा योजना, विधि विभाग एवं विज्ञान विभाग की ओर कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें सोमवार को कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी के द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में कुलानुशासक प्रो. अमिता सिंह, मुख्य गृहपति एवं दर्शनशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रो. राजेश मिश्रा, मानविकी संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. अनुराग कुमार, प्रो. जया कुमारी आर्यन विभागाध्यक्ष, इतिहास विभाग के प्रो. पीतांबर दास, डॉ. सुनील कुमार विश्वकर्मा, डॉ. अनीता आदि शिक्षकों द्वारा परिसर में पौधरोपण का कार्य किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम के पश्चात कुलपति द्वारा शपथ दिलवाई गई। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. रविंद्र कुमार गौतम ने डॉ. विभूति नारायण सिंह परिसर, गंगापुर, में भी पौधे लगाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने बताया कि यह वृक्षारोपण कार्यक्रम अनवरत एक महीने तक चलता रहेगा। कार्यक्रम में 200 से अधिक स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने हिस्सा दिया। वहीं विश्व पर्यावरण दिवस पर सोमवार को राजघाट स्थित वसंत महिला महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. अंजना सिंह ने विश्व पर्यावरण दिवस पर छात्राओं को जागरूकता अभियान द्वारा पर्यावरण की महत्ता से अवगत कराते हुए बताया कि पर्यावरण एक जीव के चारों ओर



काशी विद्यापीठ में सभी को पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ दिलाते कुलपति

प्राकृतिक दुनिया है जो इसे जीवित रहने की अनुमति देता है। यह पौधों, जानवरों और मनुष्यों जैसे जीवित प्राणियों से बना है। डॉ. श्वेता, डॉ. अनामिका सिंह ने छात्राओं द्वारा किया गया जागरूकता अभियान एवं स्व स्थान पर किए किये गये कार्यक्रमों की समीक्षा की, जिसमें छात्रा शिवानी सिंह ने गांव में चूल्हे में प्लास्टिक थैलियां न जलाने के लिए ग्रामीण वासियों से निवेदन किया और के अपने ग्राम वासियों के साथ मिलकर आज 105 पौधा लगाया। वही अपराजिता सरन ने पोस्टर के जरिए लोगों को बताया की न केवल इस अवसर को मनाने के लिए बल्कि प्रकृति की भलाई के लिए प्रत्येक व्यक्ति को प्रत्येक वर्ष एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। इस कार्यक्रम में कुल 58 छात्राओं ने सहयोग किया। कार्यक्रम के अंत में राजप्रिया द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। इसके अलावा पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान सोमवार को वरुणा पुल स्थित उप्र लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता निरीक्षण भवन कार्यालय, प्रांतीय खंड आदि स्थानों पर पौधरोपण किया गया। जिसमें पर्यावरण को बचाने व सुरक्षित रखने के लिए समस्त सदस्यों ने शपथ लिया। जिसमें उप्र लोक निर्माण विभाग मिनिस्टीरियल एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष पद्मनाभ त्रिवेदी, जिलाध्यक्ष जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव, जिला मंत्री शैलेश कुमार, जिला कार्यकारी अध्यक्ष एचएन भट्टाचार्य, पूजा श्रीवास्तव, दुर्गावती, ममता कुमारी, कौशर जहां, शशांक, रंजन श्रीवास्तव, सौरभ श्रीवास्तव, गौतम मिश्रा आदि मौजूद रहे। वहीं डॉ. राजीव नारायण मिश्र आईपीएस सेनानायक रोहनिया भुल्लनपुर 34वीं वाहिनी पीएसी के निर्देशन में सहायक सेनानायक नरेश सिंह यादव द्वारा वाहिनी में विभिन्न पौधों को रोपित कर पौधरोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर सहायक सेनानायक नरेश सिंह यादव द्वारा मिशन लाईफ के क्रम में समस्त जवानों को पर्यावरण संरक्षण व प्लास्टिक मुक्त करने की शपथ दिलाई, संबोधन में कहा कि 'पर्यावरण संरक्षण के लिए वैश्विक स्तर पर जागरूकता एवं पौधरोपण, परम आवश्यक है।' इसी क्रम में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उपमहानिरीक्षक 11 एनडीआरफ मनोज कुमार शर्मा के दिशा निर्देशन में वृहद पौधारोपण अभियान के साथ जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। साहूपुरी (चंदौली), गोरखपुर एवं लखनऊ में एनडीआरएफ के बचाव कर्मियों के द्वारा विभिन्न प्रकार के फलदार एवं छायादार पौधों को लगाया गया। वृहद पौधारोपण अभियान एवं जागरुकता रैली में पर्यावरण संरक्षण के लिए एनडीआरएफ के बचाव कर्मियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। उपमहानिरीक्षक ने अपने संबोधन में बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस दुनिया का सबसे बड़ा वार्षिक आयोजन है और इसका मुख्य उद्देश्य हमारी प्रकृति की रक्षा के लिए जागरूकता को बढ़ाना है। विश्व पर्यावरण दिवस- 2023 की थीम 'बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन' हैं। प्लास्टिक हमारे पर्यावरण के लिए बेहद हानिकारक है। उन्होंने काशी वासियों से स्वच्छ काशी एवं भव्य काशी के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने एवं प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने की अपील की। वीडीए व पूर्वांचल रियल स्टेट एसोसिएशन ने भी विकास प्राधिकरण कार्यालय परिसर में पौधरोपण किया। इस दौरान विडीए सचिव सुनील कुमार, टाउन प्लानर मनोज कुमार और एसोसिएशन की ओर से अनुज डिडवानिया व अन्य मौजूद रहे। सृष्टि फाउंडेशन ने भी पौधरोपण किया।



पर्यावरण सुरक्षा की शपथ लेते भुल्लनपुर 34वीं वाहिनी पीएसी के जवान

# नये साल में कई सड़कें दिखेंगी चमाचम

## इस वर्ष के अंत में तक फोर लेन व सिक्स लेन सड़कों की मिलेगी सौगात

**2024 से पहले जनपद में विभिन्न नई परियोजनाएं ले लेंगी मूर्त रूप**

**नवंबर-दिसंबर तक जिले में करीब डेढ़ दर्जन प्रोजेक्ट हो जाएंगे तैयार**

**खुशखबरी**



**सुरोजीत चैटर्जी**

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में उनके कार्यकाल से लेकर अबतक लगातार विकास कार्य जारी हैं। बीते नौ वर्ष में शायद ही कोई महीना रहा जब वाराणसी में विकास कार्य का पहिया थमा हो। जैसे-जैसे परियोजनाएं पूर्ण हो रही हैं, वैसे-वैसे पीएम मोदी एक के बाद एक प्रोजेक्ट काशीवासियों को सौंपते जा रहे हैं। खास यह भी प्रत्येक बार परियोजनाओं का लोकार्पण करते हुए वह कई नये प्रोजेक्ट का शिलान्यास भी करते हैं। फलस्वरूप यहां शहरी इलाका हो या ग्रामीण क्षेत्र, कहीं न कहीं कोई न कोई निर्माण कार्य चालू है। इसी क्रम में इस साल आगामी नवंबर-दिसंबर में भी कई प्रोजेक्ट मूर्त रूप ले लेंगी और स्थानीय जनता को वह परियोजनाएं सौगात के तौर पर मिलेंगी। हालांकि उनमें से कुछ परियोजनाएं किन्हीं कारणों के चलते तय समय से अधिक वक्त ले चुकी हैं।

इस साल नवंबर और दिसंबर माह में लगभग डेढ़ दर्जन निर्माणाधीन परियोजनाएं बनाकर तैयार कर लिये जाने का लक्ष्य है। जिसके तहत अगले नवंबर माह में जिन प्रोजेक्ट्स को पूर्ण कर लेने का टार्गेट रखा गया है उनमें एनएच-19 पर 24 सौ करोड़ रुपये की लागत से बन रहा लगभग 56 किमी लंबा वाराणसी-औरंगाबाद सिक्स लेन चौड़ीकरण कार्य है। यह कार्य लगभग 91 फीसदी पूर्ण कर लिये जाने का दावा है। इसी प्रकार नवंबर में ही 8.6 किमी तक वाराणसी-भदोही मार्ग चौड़ीकरण कार्य 269.10 करोड़ रुपये की लागत से बना लिये जाने का लक्ष्य है। इस कार्य में अब तक 35 प्रतिशत की प्रगति है।

अब आगामी दिसंबर माह में पूर्ण की जाने वाली परियोजनाओं पर नजर डालें तो 32.77 करोड़ रुपये की लागत से बाबतपुर रेलवे स्टेशन के निकट बाबतपुर-चौबेपुर मार्ग पर आरओबी 63 फीसदी तक तैयार हुआ है। 11.18 किमी लंबे मोहनसराय-कैंट मार्ग का सिक्स लेन सीसीरोड चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य 412.53 करोड़ रुपये की लागत से हो रहा है। इसमें अबतक 30 प्रतिशत की प्रगति है।

लहरतारा से लंका होकर रवींद्रपुरी कॉलोनी होते हुए विजया सिनेमा तक 241.80 करोड़ रुपये की 9.51 किमी मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य 22 फीसदी तक हुआ है। इसी प्रकार कचहरी से आशापुर होते हुए संदहा तक 9.32 किमी फोर लेन का 241.80 करोड़ रुपये की लागत से चौड़ीकरण-सुढ़ीकरण का एक चौथाई कार्य किया जा चुका है। वहीं, काली मंदिर से वाराणसी-आजमगढ़ मार्ग 6.50 किमी तक 218.66 करोड़ रुपये की लागत से फोर लेन चौड़ीकरण-उच्चीकरण कार्य 25 फीसदी तक किया गया है।

### शहर में पेयजलापूर्ति व्यवस्था की कर रहे क्षमता वृद्धि

जनपद में आगामी दिसंबर माह तक बनाकर तैयार कर लिये जाने के लक्ष्य के साथ निर्माणाधीन अन्य परियोजनाओं में 7.6 करोड़ रुपये की लागत से सेवापुरी ब्लॉक के बरकी में सरदार वल्लभ भाई पटेल राजकीय महाविद्यालय में निर्माण कार्य 40 फीसदी कर लिया गया है। पुलिस लाइंस में 24.96 करोड़ रुपये की लागत से ट्रांजिट हॉस्टल की प्रगति 45% है। सिस वरुणा में 108.53 करोड़ रुपये की लागत से पेयजलापूर्ति व्यवस्था में की क्षमता वृद्धि एवं उच्चीकरण कार्य की प्रगति 65% तक पहुंची है। रमना में 200 करोड़ रुपये की लागत से प्रतिदिन 600 टन कचरा प्रोसेसिंग एवं हर रोज 200 टन चारकोल उत्पादन प्लांट 40% तक बन चुका है। पंचकोशी परिक्रमा मार्ग पर 39.22 करोड़ रुपये की लागत से पर्यटन विकास कार्य 50% तक कर लिया गया है। 24.35 करोड़ रुपये की लागत से पावन पथ का पर्यटन विकास कार्य भी 50% तक पहुंचा है। चंद्रावती में 200 मीटर लंबे घाट का 17.07 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकास कार्य की फिलहाल शुरुआत है।